गुरुवार
15 फरवरी 2024

केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



बक्सर जिले के 28 केंद्रों पर मैट्रिक परीक्षा आज से

3

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

बिहार में राज्यसभा चुनाव की छह सीटों के लिए शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया, 27 को मतदान

बीजेपी से भीम सिंह, धर्मशीला व जदयू से संजय झा ने की दावेदारी

- विधानसभा सचिव के कक्ष में एनडीए के प्रत्याशियों ने दाखिल किया पर्चा
- कांग्रेस पार्टी की ओर से अखिलेश प्रसाद सिंह ने नामांकन भरा

केटी न्यूज/पटना

बिहार से राज्यसभा जाने के लिए बुधवार से नामांकन शुरू हो गया। राज्य के कुल 6 सीटों पर चुनाव होगा। विधानसभा सचिव के कक्ष में बीजेपी से भीम सिंह और धर्मशीला गुप्ता जेडीयू से संजय झा ने राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ सुशील कुमार मोदी और एनडीए के अन्य नेता मौजूद रहे। वहीं कांग्रेस पार्टी की ओर से अखिलेश प्रसाद सिंह बुधवार को बिहार विधानसभा में अपना नामांकन पर्चा भरने पहुंचें। अखिलेश बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हैं।

धर्मशीला गुप्ता: धर्मशीला गुप्ता बिहार की रहने वाली हैं। वह बीजेपी महिला मोर्चा की अध्यक्ष हैं। दरभंगा विधानसभा क्षेत्र की धर्मशीला जमीनी कार्यकर्ता रही हैं। वह डॉ. नागेंद्र झा महिला महिला विद्यालय में टीचर हैं। दरभंगा नगर निगम के मेयर के पद के लिए साल 2022 में उन्होंने चुनाव लड़ा। मगर चुनाव हार गई थीं।

डॉ. भीम सिंह: डॉ. भीम सिंह भी बिहार के राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर के दौरान बिहार के विकास और प्रगति के लिए कई पहल की हैं। उन्हें उनके क्षेत्र में जनता के समस्याओं का समाधान करने के लिए जाना जाता है और उन्होंने राज्यसभा के सदस्य के रूप में अपने अनुभव के साथ बिहार की समस्याओं पर काम करने का दावा किया है।

संजय झा: संजय झा बिहार के मधुबनी जिले के रहने वाले हैं। संजय कुमार झा अरुण जेटली से जुड़े रहे हैं। इनका अपना पब्लिकेशन का बिजनेस है। वह मिथिलांचल में जदयू के बड़े नेता माने जाते हैं। साल 2012 में नीतीश कुमार की पार्टी ज्वॉइन कर ली। साल 2014 में संजय झा दरभंगा लोकसभा सीट से चुनाव हार गए। वह बिहार विधान परिषद के सदस्य भी रहे। बिहार में कैबिनेट मंत्री भी बने।



कांग्रेस को राज्यसभा सीट दिये जाने से माले नाराज, कहा-गठबंधन के लिए कुबार्नी दी है, अब लोकसभा चुनाव में ज्यादा सीट चाहिये

महागठबंधन की ओर से राजद ने दो उम्मीदवार उतारे हैं तो तीसरी सीट कांग्रेस के अखिलेश प्रसाद सिंह के पास गयी है, लेकिन इस बंटवारे से भाकपा (माले) नाराज है। माले ने कहा है-हमने इस कुबार्नी दे दी है लेकिन हर बार नहीं देंगे। कटिहार लोकसभा सीट मिलने की उम्मीद में भाकपा माले ने राज्यसभा का दावा छोड़ दिया है। राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में माले ने महागठबंधन की तीन में से एक सीट पर दावा किया था। सीट मिलती तो पार्टी के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य राज्यसभा जाते। महागठबंधन की तीसरी सीट कांग्रेस के डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह को मिल गई। बता दें कि राज्यसभा चुनाव में विधायकों की संख्या के आधार पर जीत हार होती है। महागठबंधन में विधायकों की संख्या कुछ ऐसी है। राजद के पास 79 विधायक हैं, हालांकि इसमें से तीन विधायक बागी हो चुके हैं। दूसरी नंबर पर कांग्रेस है, जिसके पास 19 विधायक हैं। वहीं भाकपा माले के 12 तो सीपीआई और सीपीएम के पास 2-2 विधायक हैं। माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने आज मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्यसभा की एक सीट पर भाकपा माले का दावा बन रहा था। वाम दलों के पास 16 विधायक हैं। वाम दलों की भी दावेदारी राज्यसभा और विधान परिषद की सीटों पर बनती है।

खरगे के फोन पर माने दीपंकर भट्टाचार्य: दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि कांग्रेस के उम्मीदवार को समर्थन देने के लिए मल्लिकार्जुन खरगे का फोन



दीपंकर भट्टाचार्य, महासचिव, भाकपा (माले)

उनके पास आया था। तेजस्वी यादव से भी बात हुई। इसके बाद हमने महागठबंधन के लिए कुबार्नी दी है। लेकिन ये सिर्फ इस बार के लिए है। बार-बार हम कुबार्नी नहीं देंगे। हमारे लोगों को भी राज्यसभा और विधान परिषद में जाना चाहिये।

लोकसभा में ज्यादा सीट चाहिये: दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि हमने राज्यसभा में कांग्रेस को समर्थन दिया है। इस बात को लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग के दौरान ध्यान में रखा जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि जब नीतीश कुमार महागठबंधन में थे तो सीट बंटवारे के लिए दबाव था। तब माले ने 5 सीटो पर दावेदारी की थी। लेकिन नीतीश कुमार गठबंधन में नहीं हैं, लिहाजा परिस्थितियां बदल गयी है। अब बदली हुई परिस्थिति के मुताबिक माले को लोकसभा की सीट चाहिये। ये बात महागठबंधन के नेताओं को बता दिया गया है।

राजद ने संजय यादव व मनोज झा के नाम पर लगाई मुहर





केटी न्यूज/पटना

तेजस्वी यादव के खास माने जाने वाले संजय यादव को राजद इस बार राज्यसभा भेज रही है। वही मनोज झा को फिर से राज्यसभा भेजा जा रहा है। राज्यसभा के लिए इन दोनों नेताओं के नाम पर मुहर लगाई गयी है। बता दें कि मनोज झा का कार्यकाल समाप्त होने वाला है इसलिए उन्हें दोबारा राज्यसभा भेजा जा रहा है। ये दोनों नेता 15 फरवरी को नामांकन दाखिल करेंगे। बिहार की 6 राज्यसभा सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है।

कौन हैं संजय यादव: हरियाणा के महेंद्रगढ़ के रहने वाले संजय यादव राजद नेता तेजस्वी यादव के साथी और उनके पीए हैं। वे तेजस्वी यादव के सलाहकार के तौर पर काम करते हैं। तेजस्वी यादव का सारा काम वही देखते हैं। संजय यादव लंबे समय से तेजस्वी के साथ जुड़े हुए हैं। वो राजद और तेजस्वी के सोशल मीडिया को देखते हैं। दरअसल, संजय यादव, तेजस्वी यादव के मुख्य रणनीतिकार हैं। उन्होंने 2015 में पहली बार उनके लिए रणनीति तैयार की थी। इसके बाद 2020 चुनाव में उन्होंने हर विधानसभा के लिए अलग-अलग रणनीति तैयार की। जंगलराज के नारे के जवाब में वे 10 लाख नौकरी का वादा लेकर आए। संजय यादव की तेजस्वी से पहली मुलाकात आईपीएल के दौरान हुई थी जब तेजस्वी दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए खेला करते थे। क्रिकेट के बाद

लालू यादव के बेहद करीबी हैं मनोज झा

मनोज झा की राजद के तेजतर्रार और वरिष्ठ नेताओं में गिनती होती है। वह राजद के सुप्रीमो लालू यादव के बेहद करीब हैं। उन्हें दूसरी बार पार्टी ने राज्यसभा का प्रत्याशी घोषित किया है। अकसर राज्यसभा में मोदी सरकार पर उठाए सवालों और अपने दमदार भाषणों को लेकर वह सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरते हैं। मनोज झा को सर्वश्रेष्ठ सांसद का सम्मान मिल चुका है। वह तेजस्वी यादव के प्रमुख सलाहकार हैं। कई मौकों पर वह पार्टी से जुड़े फैसलों में अहम भूमिका निभाते नजर आते हैं। वह राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। वह पीएचडी हैं और दिल्ली के सामाजिक कार्य विश्वविद्यालय विभाग में प्रोफेसर रह चुके हैं। साल 1992 में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से सामाजिक कार्य विभाग से एमए की थी।

तेजस्वी ने जब राजनीति की बागडोर संभाली तो संजय को साथ बुला लिया। संजय यादव ने एमएससी और एमबीए की पढ़ाई की है। संजय यादव आईटी कंपनी में काम करते थे, लेकिन तेजस्वी से जुड़ने के बाद नौकरी छोड़कर आरजेडी ज्वाइन किया और तेजस्वी के लिए रणनीति बनाने का काम करने लगे। यूं कहें कि संजय यादव तेजस्वी के लिए उनके राजनीतिक सलाहकार, मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक रह चुके हैं।

चमत्कार... 12 फरवरी को मौत 18 घंटे बाद लौट आई जान

केटी न्यूज/पटना

गढ़वा जिले में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई थी। सबने मान लिया था कि अब वह इस दुनिया में नहीं हैं। उनके दाह संस्कार के लिए बिहार के बेगूसराय लाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ही जैसे ही बिहार की सीमा में प्रवेश किया तो उसमें जान आनी शुरू हो गई। फिलहाल उक्त महिला का इलाज बेगूसराय सदर अस्पताल में चल रहा है, जहां अभी उन्हें वेंटीलेटर पर रखा गया है। चिकित्सकों ने भी इसे चमत्कार की संज्ञा देते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में जिस महिला को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। आखिर बिहार की सीमा में आते ही उसमें जान कैसे आ गई? यह चिकित्सा विज्ञान के लिए भी एक चमत्कार है।

क्या है पूरा मामला- बेगूसराय जिले के नीमा चांदपुरा की रहने वाली रामवती देवी कुछ दिन पूर्व अपने पुत्र मुरारी साव एवं घनस्याम साव के साथ गढ़वा भ्रमण के लिए गई थीं। वहां महिला रामवती देवी के परिजन रहते थे। लेकिन, 11 फरवरी को अचानक रामवती देवी की तबीयत खराब हुई। तत्पश्चात परिजनों ने उन्हें एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां इलाज के क्रम में महिला की मौत हो गई. मौत के बाद परिजनों ने आपस में विचार विमर्श के बाद महिला रामवती देवी को घर लाने का एवं घर पर ही दाह संस्कार करने का निर्णय लिया। इसके बाद परिजन एक निजी वाहन से रामवती देवी को लेकर बिहार के लिए रवाना हो गए। लेकिन, तकरीबन 18 घंटे गुजर जाने के बाद जैसे ही रामवती देवी बिहार की सीमा में प्रवेश किया तो परिजनों के अनुसार, औरंगाबाद के समीप परिजनों ने रामवती देवी के शरीर में कुछ हलचल महसूस की। तत्पश्चात उन्हें लेकर परिजन बेगूसराय सदर अस्पताल आए, जहां जांच के क्रम में चिकित्सकों ने भी माना की रामवती देवी में अभी भी जान बाकी है। इसके बाद आनन-फानन में उन्हें आईसीयू में इलाज के लिए एडमिट किया गया। फिलहाल महिला का इलाज चल रहा है।

सुशील मोदी बोले... पार्टी जो निर्णय लेगी उसे सहज स्वीकार करुंगा

केटी न्यूज/पटना

बिहार भाजपा के तरफ से राज्यसभा चुनाव के लिए दोनों उम्मीदवारों ने आज अपना नमांकन पर्चा दाखिल कर दिया है। भाजपा के तरफ से डॉ. भीम सिंह व धर्मशीला गुप्ता कोउम्मीदवार बनाया गया है। बड़ी खबर यह है कि इनके नामांकन में भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी भी पहुंचे थे और जब उनसे उनका नाम लिस्ट ने नहीं होने से जुड़ा सवाल किया तो उनका बड़ा साधा हुआ जवाब आया है।

सुशील मोदी ने कहा कि - मैं अपनी पार्टी भाजपा को धन्यवाद देता हूं कि मुझे 34 सालों तक चारों सदन के सदस्य के तौर पर रखा। उन्होंने कहा कि बहुत कम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता होंगे जिन्हें यह सौभाग्य मिला होगा। मैं खुद को बहुत खुशनसीब मानता हूं की मुझ पर मेरी पार्टी ने इतना विश्वास जताया है और पार्टी आगे जो भी निर्णय मेरे बारे में लेगी उसे सहज स्वीकार करुंगा। इस बार भाजपा के तरफ से राज्यसभा भेजे जा रहे कैंडिडेट को लेकर सुशील मोदी ने कहा कि- यह बहुत ही अच्छी बात है की पिछड़े समाज से आने वाले दो लोगों को पार्टी राज्यसभा भेज रही है। एक चंद्रवंशी समाज से भीम सिंह और दूसरे बनिया समाज से आने वाली धर्मशिला गुप्ता जी को पार्टी राज्यसभा भजने का फैसला किया है यह काफी अच्छी बात है।

गिरिराज सिंह बोले... फ्रस्ट्रेशन में चले गए हैं मल्लिकार्जुन खड़गे

केटी न्यूज/पटना

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधा। गिरिराज सिंह ने मोदी की गारंटी जनता ने दे दी है। क्योंकि मल्लिकार्जुन खड़गे फ्रस्ट्रेशन में चले गए हैं। वह राहुल गांधी को लॉन्च कर रहे हैं, जो लॉन्चिंग ही नहीं हो रहे हैं। लॉन्चिंग फेज पर ही खड़े हैं। गिरिराज सिंह ने सवाल किया कि क्यों नहीं कांग्रेस ने शौचालय बना दिया? क्यों नहीं कांग्रेस ने पानी गांवों में पहुंचा दी? क्यों नहीं कांग्रेस ने सिलेंडर दे दिया? क्यों नहीं कांग्रेस ने घर बना दिया? गिरिराज सिंह ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे पर हमला बोलते हुए कहा कि इसलिए इनको ज्यादा परेशानी है। नरेंद्र मोदी देश के ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो लगातार काम करते हैं। जनता में भी उनकी लोकप्रियता इसलिए है कि जनहित में देश के प्रधानमंत्री ने काम किए हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जब गांव के गरीब के लिए काम करते हैं, गांव के किसान, गरीब, मजदूर मोदी की गारंटी पक्का मानता हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि सोनिया गांधी थकी हुई नेता हैं इसलिए वह राज्यसभा का नॉमिनेशन कर ले या कुछ कर ले, लेकिन कुछ होने वाला नहीं है।

यूपी: भाजपा के सातों प्रत्याशियों ने किया नामांकन



राज्यसभा चुनाव

केटी न्यूज/लखनऊ

वसंत पंचमी के पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के सातों प्रत्याशियों ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा की मौजूदगी में प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। बुधवार को विधान भवन में प्रत्याशी भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह, संगीता बलवंत, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, तेजवीर सिंह, नवीन जैन ने पर्चा दाखिल किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, सूर्य प्रताप शाही आदि मौजूद रहे।



19 से होने वाले कार्यक्रम में 10 लाख करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स धरातल पर उतारने की तैयारी

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए नया इतिहास रचेगी योगी सरकार

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

उत्तर प्रदेश को विकास के नए सोपानों की ओर अग्रसर कर रही योगी सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के जरिए नया इतिहास रचने जा रही है। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 से 21 फरवरी के मध्य आयोजित होने जा रहे जीबीसी-4 के जरिए योगी सरकार 10 लाख करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारने जा रही है। इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करने की ओर बढ़ रही योगी सरकार प्रदेश की विकास गाथा, वर्तमान उन्नति और भविष्य की संभावनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का कार्य करने जा रही है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ही आयोजित होने वाली इस तीन दिनी प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने जा रहा है। प्रदेश में एक्सप्रेसवे के विकास व संचालन और इनसे जुड़े टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट्स, डिफेंस कॉरीडोर के अंतर्गत जारी विकास कार्यों तथा ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना व संचालन से जुड़े तमाम तथ्यों की जानकारी देने के उद्देश्य से यूपीडा द्वारा 75 स्क्वेयर मीटर के वर्ग क्षेत्र में एक भव्य एग्जिबिशन स्टॉल का संचालन किया जाएगा। यह प्रयास प्रदेश की वर्तमान उन्नति के साथ ही भविष्य की अपार संभावनाओं को दर्शाने का माध्यम बनने के साथ ही उनके प्रति जागरूकता विकसित करने का भी एक सशक्त माध्यम बनकर उभरेगा।

चंदौली में इंटीग्रेटेड टाउनशिप तो झांसी में बनेंगे रेलवे कोच

लखनऊ। जीबीसी के लिए तय लक्ष्य का करीब 15 प्रतिशत निवेश यूपीसीडा के माध्यम से जमीन पर उतरने वाला है। इसमें कई ऐसे बड़े प्रोजेक्ट्स भी शामिल हैं, जिनके धरातल पर उतरने से जिलों की तस्वीर और तकदीर बदल जाएगी। इन परियोजनाओं में इंटीग्रेटेड टाउनशिप, मॉल्स, प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क, रेल कोचेस, लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग, फूड प्रॉसेसिंग, सीमेंट इंडस्ट्री, हॉस्पिटल, बायो फ्यूल और मैन्युफैक्चरिंग जैसे तमाम बड़े सेक्टर्स में निवेश किया जाना है। इनमें से कई सारी परियोजनाएं चंदौली, ललितपुर, बस्ती, एटा, बुलंदशहर, अमेठी, मुरादाबाद और झांसी जैसे जिलों में लगेंगी, जिससे इन जिलों की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा और प्रदेश में इनका योगदान और बेहतर हो सकेगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 2024 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। बुंदेलखंड में यूपीसीडा की कई बड़ी परियोजनाएं जीबीसी 4.0 के माध्यम से मूर्त रूप लेंगी। इसके तहत झांसी में रेल विकास निगम लि. 2840 करोड़ की लागत से एलबीएस कोच और ट्रैक वर्क्स की स्थापना करेगी। इसके जरिए 1500 रोजगार सृजित होंगे। वहीं, चित्रकूट के बारगढ़ में वरुण बेवरेजेस लि. 1252 करोड़ रुपए से फूड प्रॉसेसिंग सेक्टर में निवेश करेगी।

चंदौली में परियोजना से मिलेंगे 18 हजार रोजगार

जीबीसी के माध्यम से पूर्वांचल के चंदौली में 7 हजार करोड़ से सॉलिड प्लाई प्रा. लि. इंटीग्रेटेड टाउनशिप का निर्माण करने जा रहा है। 333 एकड़ में बनने वाली यह इंटीग्रेटेड टाउनशिप टूरिज्म पॉलिसी 2022, लॉजिस्टिक पॉलिसी 2022, इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2022, एजुकेशन, हेल्थ, हाउसिंग, पीएम आवास और ईओडब्ल्यू आदि में कवर होगी। इसके माध्यम से प्रदेश सरकार चंदौली में 6 हजार रोजगार का सृजन कर सकेगी। इसके अलावा चंदौली में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नोएडा डेवलपमेंट कंपनी के द्वारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप और मॉल्स का विकास किया जाएगा। इसके जरिए 12 हजार रोजगार का सृजन होगा। इसके अतिरिक्त वाराणसी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के तहत भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स 1325 करोड़ की लागत से इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स का निर्माण करेगी। इसके जरिए 100 लोगों को रोजगार मिलेगा।

विधायक मंजिल सहित 23 आरोपितों को आजीवन कारावास के खिलाफ प्रदर्शन

- सजा के खिलाफ आरा सहित सभी प्रखंड मुख्यालयों पर निकाला गया विरोध मार्च
- भोजपुर में एक सप्ताह तक चलेगा विरोध कार्यक्रम, कल गड़हनी में होगा सक्रिय सदस्यों का कन्वेंशन

केटी न्यूज/आरा



हत्या के एक मामले में आरा की अदालत द्वारा अगिआंव के भाकपा माले विधायक मनोज मंजिल सहित 23 आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा देने के खिलाफ बुधवार को प्रदर्शन किया गया। भाकपा-माले के नेतृत्व में जिले भर में आक्रोशपूर्ण प्रतिरोध मार्च निकाला गया। आरा में जिला कार्यालय से निकला मार्च जवाहर टोला, नवादा होते हुए स्टेशन परिसर में पहुंचा। वहां एक सभा की गई। सभा को भाकपा-माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने संबोधित किया। मार्च में जिला सचिव जवाहर लाल सिंह, केंद्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव, तरारी विधायक सुदामा प्रसाद, राज्य कमेटी सदस्य कयामुद्दीन अंसारी, आइसा राज्य सचिव सबीर कुमार, आरवाईए राज्य सचिव शिव प्रकाश रंजन, राज्य कमेटी सदस्य विजय , सुधीर कुमार, जिला कमेटी सदस्य नन्द जी, राजनाथ राम, विकाश कुमार, निरंजन केसरी, संगीत सिंह, शोभा मण्डल, अमित कुमार बंटी, सुशील पाल, सहित सैकड़ों छात्र - युवा नेता शामिल थे। सभा की संचालन नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने किया। वहीं अगिआंव के पवना में पार्टी के प्रखंड कार्यालय से विरोध मार्च निकला गया। विरोध मार्च में शामिल ब्लॉक सचिव रघुबर पासवान,जिला कमेटी सदस्य भोला यादव, ब्लॉक कमेटी सदस्य चंदेश्वर मास्टर,भूषण यादव,बिष्णु मोहन,प्रमोद यादव,आरवाईए युवा नेता अखिलेश कुमार, सहित अन्य मौजूद थे।

गरीबों की लड़ाई को रोकने की साजिश: दीपंकर भट्टाचार्य

आरा। भाकपा-माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि मनोज मंजिल और 22 सक्रिय साथियों (जिनमें 90 वर्ष के उम्र तक लोग शामिल हैं) की सजा एक झूठे मुकदमे में राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित भाजपा की साजिश का हिस्सा है। ये बहुत दुर्भाग्य की बात है। सजा तथ्य पर आधारित नहीं है, जो अन्याय है। उन्होंने कहा कि मनोज मंजिल लगातार न्याय की लड़ाई लड़ते रहे हैं। गरीबों-दलितों के अधिकार, सामाजिक उत्पीड़न, आर्थिक शोषण, बिहार के पिछड़ेपन के खिलाफ बच्चों के पढ़ाई और किसानों की खेती के लिए लड़ते रहें हैं। आज उनके साथ ही इतना बड़ा अन्याय हो गया। जाहिर है कि भोजपर और बिहार में गरीबों की लड़ाई को रोकने और उनके आवाज को खामोश कर देने की साजिश है। महासचिव ने कहा कि आज के दौर में पूरे देश मे विपक्ष पर जबरदस्त हमला हो रहा है। विपक्ष के सरकारों को चलने नहीं दिया जा रहा है। सांसदों को निलंबित कर दिया गया। पूरे विपक्ष पर हमला है, तो उनके नेताओं पर भी हमला है। इसके खिलाफ पूरे बिहार और देश मे मिल कर लड़ेंगे। जो भी कानूनी प्रक्रिया है, उसे लड़ेंगे और जनता के अदालत में इस बात को ले जायेंगे। जनता जानती है कि अलग -अलग दौर में अलग -अलग तरीके आए जनता के दावेदारी को कुचलने की कोशिश हुआ। कभी जनसंहार, तो कभी नेताओं की हत्या की गई। आज के इस नए दौर में भाजपा के नेतृत्व में सामंती ताकते गरीबों के दावेदारी को कुचलने की कोशिश कर रही है।

एक नजर

विधि संघ के नए अध्यक्ष बने विजय कुमार पाण्डेय



औरंगाबाद। बार काउंसित के नए अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता विजय कुमार पांडेय चुने गए। जबकि महासचिव जगनरायण सिंह चुने गए हैं। विधिज्ञ संघ में हुए द्विवार्षिक कार्यकारिणी चुनाव में मतगणना के बुधवार देर शाम आये परिणाम में वरीय अधिवक्ता विजय कुमार पांडेय 326 वोट पाकर अध्यक्ष बने। अपने निकटतम प्रतिद्वंदी परशुराम सिंह को 29 वोटों से शिकस्त दी। जबकि अशोक कुमार सिंह को 37 वोट एवं रामप्रवेश ठाकुर को 38 वोट पड़े। वहीं नए महासचिव जगनरायण सिंह चुने गए जिन्हें 332 वोट मिले। अपने निकटतम प्रतिद्वंदी नागेंद्र सिंह को 110 वोटों से शिकस्त दी। अखिलेश कुमार को 42 वोट, अमरेन्द्र नारायण सिंह को 42 वोट, राजीव रंजन सिंह को 41 वोट, नवीन कुमार सिंह को 20 वोट एवं सतीश कुमार सिंह को 10 वोट मिले। चुनाव जीतने के बाद सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई दिया। सभी विजयी उम्मीदवार ने कहा कि हमलोग संघ को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे।

माले विधायक मनोज मंजिल के आजीवन कारावास पर निकाला प्रतिशोध मार्च



जहानाबाद। माले पार्टी के विधायक मनोज मंजिल समेत 23 लोगों को भोजपुर के कोर्ट में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसी के खिलाफ भाकपा-माले कार्यकर्ताओं ने माले कार्यकर्ता ने अरवल मोड़ तक प्रतिशोध मार्च निकाला माले नेता रामाधार शर्मा ने कहा कि हमारे विधायक को जानबूझकर फसाया गया है। उन्होंने कहा कि 2015 में हमारे कार्यकर्ता की हत्या हो गई थी इसको लेकर हमारे विधायक ने विरोध प्रदर्शन किया था, और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग किया था, इसके बाद 2015 में जेपी सिंह की हत्या हुई जिसमें हमारे विधायक को अभियुक्त बनाया गया साजिश के तहत हमारे विधायक को फसाया गया है। इसी के खिलाफ हम लोग प्रतिशोध मार्च निकाल है। उनका कहना है की बिहार में साजिश चल रही है । उन्होंने कहा कि इस प्रतिशोध मार्च के माध्यम से आम लोगों को बताना चाहते हैं कि साजिश के तहत हमारे विधायक एवं कार्यकर्ता को फसाया गया है। और आजीवन कारावास की सजा सुनाया गया है जबकि इस घटना में हमारे विधायक का दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है, उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा अदालत जनता की अदालत होती है इसका फैसला जनता करेगी साजिश का पदार्फाश होगा और साजिश करने वाले बेनकाब होंगे। उन्होंने कहा कि मनोज मंजिल सड़क पर स्कूल चलाने के लिए चर्चित है ना की हत्या करने के लिए चर्चित थे लेकिन उनको आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

धुएं के विवाद में युवक ने निकाली अवैध देसी कट्टा, मामला दर्ज

औरंगाबाद । मामूली विवाद में युवक ने अवैध देसी कट्टा निकाल दिया और जान मारने की धमकी दी जिसे आस-पास के लोगों ने देसी कट्टा छिन लिया। मामला दाउदनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत महमदपुर गांव की हैं। जहां उस गांव निवासी मुरारी ठाकुर के पुत्र लालू ठाकुर ने अपने पड़ोसी सोनू ठाकुर से हुऐ मामूली विवाद में देसी कट्टा निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। मौके पर लोगों ने उक्त देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस छिन कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। इधर मामले में सोनू ठाकुर ने प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें बताया कि घर में चूल्हे पर खाना बन रहा था जिससे धुआं निकल रहा था। मामले में आरोपित ने पहले तू तू मैं मैं किया और इसके बाद उसने देसी कट्टा निकाल कर जान से मारने की धमकी दी जिसे स्थानीय लोगों की बीच बचाव में देसी कट्टा छिन लिया गया। उसने आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की हैं। थानाध्यक्ष फहीम आजाद खान ने बताया कि संदर्भ मे कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।



खबरें फटाफट

तेजस्वी यादव भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सासाराम होंगे शामिल

औरंगाबाद। गुरूवार को राहुल गांधी के भारत जोड़ों न्याय यात्रा सासाराम में शाम 6 बजे निर्धारित हैं जिसमें पुर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी शामिल होंगे। तेजस्वी यादव सड़क मार्ग से औरंगाबाद जिले के दाउदनगर, ओबरा एवं शहर के जसोईया मोड़ होते हुऐ सासाराम कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस बात की जानकारी देते हुए राजद ज़िला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव ने कहा कि पुर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव आज दाउदनगर के भखरुआ मोड़ पर शाम 05 बजे पहुचेंगे। वहीं सड़क मार्ग से जाने के क्रम में ओबरा, भरथौली शरीफ, जसोइया मोड़, जोगिया मोड़, सिरिस मोड़, एवं बारुन मोड़ पर उनका भव्य स्वागत किया जायेगा। वहीं प्रशासन ने भी इसकी पूरी तैयारी कर ली है। ताकि भीड़ को नियंत्रित करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हो। इस बात की उम्मीद जतायी जा रही है कि आसपास के इलाके से बड़े पैमाने पर किसान व समर्थक इस यात्रा में शामिल होंगे। इसके मद्देनजर विशेष व्यवस्था की जा रही है। जिसे लेकर प्रशासन भी पूरे एलर्ट मूड में है। वहीं समर्थक भी पूरे जोश में है। इस मौके पर अधीक से अधीक संख्या में पार्टी कार्यकताओं को पहुंचने की अपील की हैं।

गजराजगंज ओपी क्षेत्र के धमार मोड़ के समीप हुई थी घटना

दुखद: सड़क हादसे में जख्मी इंटर के परीक्षार्थी सहित दो दोस्त की मौत

- एक ने शनिवार तो दूसरे ने मंगलवार की शाम पटना के निजी अस्पताल में तोड़ा दम
- गजराजगंज ओपी क्षेत्र के धमार मोड़ के समीप हुई थी घटना

केटी न्यूज/आरा





गजराजगंज ओपी क्षेत्र के धमार मोड़ के समीप सड़क हादसे में जख्मी इंटर के परीक्षार्थी सहित दो दोस्तों की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना के एक निजी अस्पताल में दोनों ने दम तोड़ दिया। उनमें एक की शनिवार जबकि दूसरे की मंगलवार की शाम मौत हो गई। मृतकों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार गांव निवासी 19 वर्षीय कौशल कुमार उर्फ गोलू कुमार और 18 वर्षीय अभय कुमार शामिल है। वहीं हादसे में जख्मी उसी गांव का 18 वर्षीय छोटू कुमार का इलाज अभी पटना के निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। डॉक्टरों ने भी उसकी भी हालत गंभीर बतायी है। बता दे की कौशल कुमार उर्फ गोलू कुमार की इंटर का परीक्षा चल रही था। उसका परीक्षा केंद्र नवादा थाना क्षेत्र के मिल रोड स्थित हित नारायण क्षत्रिया स्कूल में पड़ा था। बुधवार की सुबह अभय कुमार और छोटू कुमार अपने दोस्त कौशल कुमार उर्फ गोलू कुमार को परीक्षा केंद्र पर छोड़ने के लिए बाइक पर सवार होकर अपने गांव से आरा आ रहे थे। उसी दौरान आरा-बक्सर नेशनल हाइवे पर धमार मोड़ के समीप किसी वाहन ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी थी। उससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। वह सड़क किनारे पड़े हुए थे। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में तत्काल लाया गया। इसके बाद उनके परिजनों को सूचना दी थी। उसके बाद परिजनों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। परंतु उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया था। परिजन तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को पटना रेफर कर दिया गया था। उसके बाद उनका इलाज पटना स्थित निजी अस्पताल में कराया जा रहा था। इलाज के दौरान अभय कुमार ने शनिवार शाम जबकि कौशल कुमार उर्फ गोलू कुमार ने मंगलवार की शाम दम तोड़ दिया। परिजन दोनों का शव बिना पोस्टमार्टम कराए लेकर चले गये। बताया जा रहा है कि कौशल कुमार उर्फ गोलू कुमार अपने तीन भाई व दो बहन में छोटा था। उसके पिता दीपक साह दिल्ली के सीआरपीएफ कैंट में कुक का काम करते हैं। घटना के बाद वह तुरंत अपने घर को रवाना हो गये थे। उसके परिवार में मां, भाई मनीष,अनीश और दो बहन है। घटना के बाद दोनों के घरों में कोहराम मच गया है। किसी को यह विश्वास नहीं हो पा रहा है कि इतना होनहार लड़का इतने कम समय में इस दुनिया को छोड़ दिया। परिवार के सदस्यों को लड़के पर बहुत उम्मीदें थी। परंतु उन सभी उम्मीदों को वह बीच में ही छोड़कर चला गया।

बिहिया में सड़क हादसे में मृत युवक की तीसरे दिन हुई पहचान

आरा। बिहिया मोड़ स्थित धर्म कांटा के समीप सड़क हादसे में मृत युवक की पहचान हो गयी है। वह बिहिया थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी भुवनेश्वर प्रसाद के 35 वर्षीय पुत्र अखिलेश प्रसाद उर्फ राम लड्डू था। बुधवार की सुबह सदर अस्पताल पहुंच परिजनों ने उसकी पहचान की। युवक के पड़ोसी अमरनाथ राय ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब 11 बजे अखिलेश घर से निकला था। शाम तक वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। काफी खोजबीन के बाद उसका कुछ पता नहीं चल पाया। इसी बीच मंगलवार की शाम स्थानीय लोगों से पता चला कि एक अज्ञात युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। उसका बिहिया थाना पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है। तब परिजन बिहिया थाना पहुंचे और मोबाइल में उसकी फोटो देख उसकी पहचान की। उसके बाद परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और शव अंतिम संस्कार के लिए गांव ले गये। बता दे कि बीते सोमवार की दोपहर आरा-बक्सर हाइवे पर बिहिया मोड़ स्थित धर्म कांटा के समीप वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी थी। बिहिया पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद शव पहचान के लिए लावारिस सेवा केन्द्र को सौंप दिया गया था। बताया जा रहा है कि युवक अपने छह भाई और छह बहनों में दूसरे स्थान पर था।

सांसद ने हरी झंडी दिखा हावड़ा-कालका एक्सप्रेस को किया



- ट्रेन के ठहराव से इलाके के यात्रियों को होगी सहूलियत
- अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के तहत अनुग्रह नारायण रोड, रफीगंज और गुरारू का हुआ है चयन

केटी न्यूज/औरंगाबाद

यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेलवे के अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन पर आज से हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस (12311/12312) ट्रेन का ठहराव प्रारंभ हो गया है । इस ट्रेन को आज प्रातः औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद श्री सिंह ने कहा कि हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस की शुरूआत आज से की गई है। यह क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेल विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं और रेल सुविधाएं काफी हद तक बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि रेल सुविधाओं में लगातार वृद्धि की जा रही है। अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के तहत औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के 3 स्टेशनों अनुग्रह नारायण रोड, रफीगंज और गुरारू का चयन किया गया है। ठहराव का समय किया गया निर्धारित -सांसद ने कहा कि यह ट्रेन सुबह 5:58 बजे आयेंगी और दो मिनट की ठहराव के उपरांत 6 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह गाड़ी सं. 12312 कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस 22.40 बजे अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पहुंचेगी और 22.42 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। सांसद श्री सिंह ने कहा कि इस मांग को गंभीरता से लेते हुए रेलवे मंत्रालय ने पिछले दिनों इस गाड़ी को मंजूरी प्रदान की थी। यात्री अब यात्रा सुगमता से कर पाएंगे। क्षेत्र की जनता की यह चिर प्रतीक्षित मांग थी। सांसद श्री सिंह ने कहा कि बीते दिनों फेसर स्टेशन पर हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस का ठहराव हुआ हैं जो कोरोना काल के समय से बंद हो गया था। उनके प्रयास से दोबारा ठहराव शुरू हो गया है। ट्रेनों के इस ठहराव से व्यापारी वर्ग को काफी लाभ मिलेगा। वह आसानी से दूसरे बड़े शहरों में जाकर अपना माल ला और भेज सकते है। इससे उनके व्यवसाय में वृद्धि मिलेगी। साथ ही आम यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री मुकेश सिंह, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, पूर्व मुखिया सुरेन्द्र गुप्ता, स्टेशन प्रबंधक अरबिन्द सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

ईंट गिरा लौट रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, चालक की मौत

केटी न्यूज/आरा



सहार थाना क्षेत्र के गोडिहां गांव स्थित कब्रिस्तान के समीप मंगलवार की रात एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। मृतक नारायणपुर थाना क्षेत्र के बनौली गांव निवासी स्व.कपिल देव महतो का 30 वर्षीय पुत्र टेंगारी महतो था। उसके जीजा अमित कुमार ने बताया कि वह करीब ढाई महीने से अपने पूरे परिवार के करवासिन गांव में अपनी बहन उर्मिला देवी के घर रह रहा था। मंगलवार की शाम वह ट्रैक्टर पर ईंट लेकर गड़हनी थाना क्षेत्र के पोसवां गांव गिराने गया था। देर रात पोसवां गांव से ट्रैक्टर लेकर करवासिन गांव लौट रहा था। तभी गोडिहां गांव स्थित कब्रिस्तान के समीप ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे तुरंत ही ट्रैक्टर से बाहर नहीं निकाला जा सका। जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची। काफी मशक्त के बाद चालक के शव को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला जा सका। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल भेजा। जहां शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले किया गया। बताया जा रहा है कि चालक दो बहनों के बीच इकलौते और छोटा भाई था। उसके परिवार में पत्नी प्रीति देवी, पुत्र रितिक, मोहित और पुत्री कृति है। घटना के बाद उसके घर में रोना-धोना मच गया है। पत्नी और बच्चों सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।





वैदिक विधान से हुई मां सरस्वती की पूजा, मंत्रोच्चार व जयकारे से गूंजते रहे शहर के पूजा पंडाल









केटी न्यूज/डुमरांव–केसठ

बुधवार को वसंत पंचमी का त्योहार धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न स्कूल कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, निजी विद्यालयों में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना वैदिक विधान से की गई। वहीं विभिन्न पूजा समितियों द्वारा भी पंडालों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई है। पूजा के बाद मंत्रोच्चार व जयकारे के साथ पंडालों में स्थापित मां सरस्वती प्रतिमाओं का पट खोला गया। इस दौरान छात्रों तथा श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बता दें कि माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को हर साल विद्या की देवी वीणा वादिनी की पूजा की जाती है। विभिन्न सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थानों में भी सरस्वती प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। छात्र - छात्राओं ने अपने अपने घरों में भी सरस्वती प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना में लगे रहे। बुजुर्ग और गणमान्य लोग विभिन्न पूजा स्थलों पर जाकर मां सरस्वती का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। इस अवसर पर चारों तरफ बज रहे भक्ति गीतों से माहौल भक्तिमय बना रहा। वही डीजे और अश्लील गानों पर पूर्णतः प्रतिबंध रहा। वहीं क्षेत्र में प्रशासन की तैनाती चुस्त दुरुस्त दिखी।

30 हजार 351 छात्र होंगे शामिल, जूता-मोजा पहन नहीं जा सकेंगे परीक्षार्थी

जिले के 28 केंद्रों पर मैट्रिक परीक्षा आज से

- सीसीटीवी कैमरे से लैस हुए सभी केन्द्र, सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम
- परीक्षा हॉल में आधा घंटा पहले प्रवेश लेना आनिवार्य, मुख्य गेट पर सघन तलाशी के बाद मिलेगा प्रवेश

केटी न्यूज/बक्सर



बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आहूत मैट्रिक परीक्षा गुरूवार से शुरू हो रही है। इस परीक्षा को संपन्न कराने के लिए जिले में कुल 28 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें जिला मुख्यालय में 15 तथा डुमरांव में 13 परीक्षा केन्द्र शामिल है। जहा 15 से 23 फरवरी तक दो पालियों में परीक्षा ली जाएगी। प्रथम पाली सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.45 बजे तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न दो बजे से शाम 5.15 बजे तक ली जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र में प्रवेश करना अनिवार्य है। विलंब से आने वाले परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित होना पडेगा। इन 28 केंद्रों पर कुल 30 हजार 351 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। मुख्य गेट पर सघन तलाशी के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया जाएगा। सभी केन्द्रों को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया गया है। परीक्षार्थियों को जूता मोजा पहनकर केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। शांतिपूर्ण परीक्षा को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र के अंदर किसी तरह के इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाने पर रोक है।

बनाया गया है चार मॉडल परीक्षा केंद्रः परीक्षा के दौरान उत्सवी माहौल बनाने के लिए जिले में चार मॉडल परीक्षा केंद्र बनाए गए है, जहां परीक्षार्थी उत्सवी माहौल में परीक्षा देंगे। इसकी तैयारी कर ली गई है। सभी मॉडल परीक्षा केंद्रों को सजाया संवारा गया है। मॉडल केंद्रों पर तोरण द्वार के साथ ही रंग-बिरंगे कारपेट मुख्य गेट से परीक्षा हॉल तक लगाया गया है। जहां परीक्षा को खुशनुमा माहौल में करने को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। इन केन्द्रों पर परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों पर फूल की वर्षा के साथ ही मिठाई खिलाकर स्वागत किया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें गुलाब फूल से स्वागत, तिलक एवं आरती की जाएगी। जिला मुख्यालय में सेंट मेरी उच्च विद्यालय नया बाजार, नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय बाजार समिति रोड, एवं जेकेटी लॉ कॉलेज को मॉडल केंद्र बनाया गया है, वहीं डुमरांव में महारानी उषा रानी बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय को मॉडल केंद्र बनाया गया है।

समाहणालय में बनाया गया है कंट्रोल रूमः परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिला नियंत्रण कक्ष समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपदा शाखा के चिन्हित भवन में कार्यरत होगा। जिसका दूरभाष संख्या 06183-223333 है। जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में सहायक निदेशक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग शंशाक सिंह एवं सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी बक्सर शशि सिंह रहेंगी। सभी परीक्षा तिथि को यातायात सुगम रूप से संचालित हो साथ ही परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की कोई ट्रैफिक जाम न हो, इसे प्रभारी यातायात सुनिश्चित करेंगे।

63 स्टैटिक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्तिः परीक्षा के दौरान विधि व्यवस्था के सम्पूर्ण वरीय प्रभार में अपर समाहर्ता बक्सर एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय बक्सर रहेंगे। वही बक्सर व डुमरांव के एसडीओ तथा डीएसपी को भी विशेष जिम्मेवारी दी गई है। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 के लिये 63 स्टैटिक दण्डाधिकारी,

इन केंद्रों पर होगी परीक्षा

बक्सर जिला मुख्यालय में एमपी उच्च विद्यालय बक्सर, बीबी उच्च विद्यालय बक्सर, नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय बक्सर, राज्य संपोषित गर्ल्स हाई स्कूल बक्सर, एमवी कॉलेज बक्सर, जेकेटी लॉ कॉलेज शिवपुरी बक्सर, संत मैरी हाई स्कूल नई बाजार बक्सर, डॉ. केके मंडल महिला कॉलेज बक्सर, प्लस टू इंदिरा हाई स्कूल जेल रोड बक्सर, पीसी कॉलेज इटाढी रोड बक्सर, एलबीटी कॉलेज बक्सर, केएनएस डिग्री कॉलेज इटाढी रोड बक्सर, उच्च माध्यमिक विद्यालय अहिरौली बक्सर, बिहार पब्लिक स्कूल अहिरौली, बक्सर उच्च माध्यमिक विद्यालय जासो बक्सर के साथ ही डुमरांव अनुमंडल में राज प्लस टू हाई स्कूल डुमरांव, महारानी उषा रानी गर्ल्स हाई स्कूल डुमरांव, संत जोसेफ गर्ल्स हाई स्कूल पुराना भोजपुर डुमरांव, सुमित्रा महिला कॉलेज डुमरांव, डीके कॉलेज डुमरांव, इंटर कॉलेज डुमरांव, मिडिल स्कूल महावीर चबूतरा डुमरांव, राइजिंग सन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल डुमरांव, हाई स्कूल चिलहरी डुमरांव, सेंट जॉन सेकेंडरी स्कूल काली नगर डुमरांव, सीपीएसएस उच्च विद्यालय डुमरांव, कैंब्रिज सीनियर सेकेंडरी स्कूल डुमरांव व मिडिल स्कूल पुराना भोजपुर डुमरांव को केंद्र बनाया गया है।

को-ऑडिनेटर, पुलिस पदाधिकारी, 08 प्रश्न पत्र वितरण-सह-गश्ती दल दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, 05 जोनल दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं 02 सुपर जोनल दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

11 छात्राओं का हुआ यज्ञोपतिव संस्कार

केटी न्यूज/डुमरांव

अनुमंडल के नावानगर प्रखंड के मणियां गांव स्थित दयानंद आर्य हाई स्कूल में वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत वसंत पंचमी के मौके पर बुधवार को 11 कन्याओं का वैदिक विधान के साथ यज्ञोपवित धारण कराया गया। यह अनोखी परंपरा इस गांव में दशकों से चली आ रही है। बता दें कि हमारे समाज में सिर्फ पुरूषों को ही जनेउ पहनने की मान्यता है। लेकिन मणियां गांव में इस मान्यता के उलट हर साल कन्याओं का भी यज्ञोपवित कराया जाता है। यहां जनेऊ धारण करने वाली छात्राएं रुढ़िवादी परंपरा को खत्म करने तथा चरित्र निर्माण की शपथ लेती हैं।

बुधवार को आचार्य हरिनारायण आर्य और सिद्धेश्वर शर्मा के नेतृत्व में पूरे विधान के सार्थ चिंता कुमारी, अंजली कुमारी, खुशबू कुमारी, सीता कुमारी, रुनझुन कुमारी, रिमझिम कुमारी, अंजली कुमारी (2) और छात्र अमित कुमार सहित अन्य कई छात्राओं को सामूहिक रूप से यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया।

सड़क किनारे खड़ी बाइक चोरी, केस दर्ज

डुमरांव। स्थानीय थाना क्षेत्र के छठिया पोखरा रोड के किनारे खड़ी एक बाइक पर उचक्कों ने हाथ साफ कर दिया। इस मामले में पीड़ित ने डुमरांव थाने में आवेदन दिया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। पीड़ित शहीद गेट निवासी राजू कुमार ने अपने आवेदन में बताया है कि वह कार्यवश अपने भाई का बाइक लेकर छठिया पोखरा रोड पर गया था। बाइक को सड़क किनारे खड़ा कर वह एक अधिवक्ता के घर चला गया। जब बाहर निकला तो बाइक नदारद थी।





विधायक मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ माले का प्रतिवाद मार्च

केटी न्यूज/डुमरांव

भाकपा माले ने कामरेड मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा के खलिफ डुमरांव में अपने राज्यव्यापी अभियान के तहत बुधवार को प्रतिवाद जुलूस निकाला। राज्यव्यापी विरोध दिवस के तहत विरोध प्रदर्शन किया गया और नया थाना के समक्ष प्रतिवाद सभा की गई। जुलूस का नेतृत्व माले जिला सचिव सह केंद्रीय कमिटी सदस्य कामरेड नवीन कुमार, डुमरांव सचिव सुकर राम, खेग्रामस जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने किया। सभा का संचालन कामरेड कन्हैया पासवान तथा अध्यक्षता कामरेड सुकर राम ने किया। सभा को सम्बोधित करते हुए भाकपा-माले बक्सर जिला सचिव नवीन ने कहा कि आरा व्यवहार न्यायालय द्वारा अगिआंव से माले विधायक का. मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि जेल व दमन के जरिए दलितों-गरीबों की आवाज दबाई नहीं जा सकती। हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2015 के ठीक पहले जेपी सिंह की हत्याकांड मामले में भाजपा के स्थानीय नेताओं के इशारे पर का. मनोज मंजिल और हमारे अन्य पार्टी नेताओं पर हत्या का झूठा मुकदमा थोप दिया गया था। उस घटना के कुछ दिन पहले ही हमारी पार्टी के स्थानीय नेता का. सतीश यादव की हत्या भाजपाइयों ने कर दी थी। उनके हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं, लेकिन दलित-गरीबों की लड़ाई लड़ने और सड़क पर स्कूल आंदोलन के चर्चित नेता मनोज मंजिल को एक गहरी साजिश के तहत फंसाकर सजा करवा दी गई।

बक्सर के गंगा घाटों का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण होगाः अश्विनी चौबे



केटी न्यूज/बक्सर

केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि गंगा घाटों को आकर्षक एवं स्वच्छ बनाया जाएगा। सभी घाटों का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण होगा। इसकी तैयारियों को मूर्तरूप दिया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने बुधवार को सर्किट हाउस में जिलाधिकारी के साथ जिले में चल रही विकास योजनाएं एवं प्रस्तावित अन्य योजनाओं पर बैठक की। कार्य प्रगति से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि रामरेखा घाट से लेकर सतीघाट और सती घाट से गोलाघाट तक विकास किया जाएगा। अन्य चरणों में विभिन्न घाटों को सम्मिलित किया गया है। जिसे विभिन्न चरणों में विकसित और आकर्षित बनाया जाएगा। बैठक में चौसा पावर प्लांट, लाइट एंड साउंड, गंगा पुल पर जाम की स्थिति सहित जिले के अन्य विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने सर्किट हाउस में जनता की समस्याओं से भी अवगत हुए। समस्या निदान के लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उनके दर्जनों समर्थक व कार्यकर्ता भी सर्किट हाउस में मौजूद थे।



शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ से से गांव में बह रही है भक्ति रस की अविरल धारा

बलिहार में देव प्रतिमाओं का कराया गया नगर भ्रमण

केटी न्यूज/सिमरी

बलिहार के प्राचीन महादेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तहत बुधवार को देव प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान हर हर महादेव व जय शिव के नारों से पूरा गांव गूंजायमान हो उठा। भव्य शोभा यात्रा के साथ प्रतिमाओं के नगर भ्रमण में पूरा गांव उमड़ पड़ा था। इस दौरान श्रद्धालुओं की आस्था व उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। बता दें कि 60 साल पुराने शिव मंदिर का जीर्णाद्धार तथा मंदिर में विधि विधान से शिवलिंग का प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा है।

शोभा यात्रा में पालकी को सजाकर शिवलिंग, गौरी माता, गणेश जी, नंदीजी, हनुमानजी सहित अन्य देव प्रतिमाओं को श्रृंगार करते हुए रखा गया था। नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा के साथ भारी संख्या ग्रामीण श्रद्धालु शिव मंदिर प्रांगण से ठाकुरबाड़ी, यादव टोली के गोवर्द्धन मन्दिर, ब्राह्मण टोला शिव मंदिर, बाजार स्थित दुर्गा मंदिर, काली मंदिर सहित गाँव के अन्य मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों से गुजरे। इस दौरान बच्चों तथा महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। वहीं नगर भ्रमण में शामिल लोगों के स्वागत में जगह जगह फूल बरसाया गया। इस दौरान कई जगह शरबत और पानी की व्यवस्था भी की गई थी। नगर भ्रमण के दौरान देव प्रतिमाओं की एक झलक पाने को ग्रामीण उत्साहित दिखे। शोभा यात्रा के दौरान भजन कीर्तन और आतिशबाजी से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा था। इस दौरान गांव का माहौल पूरी तरह से भक्ति के रंग में रंग गया था। हर ओर से सिर्फ हर-हर महादेव के जयघोष ही सुनाई दे रहे थे। वहीं नगर भवन के दौरान लोगों ने भगवान शंकर का आशीर्वाद लेते हुए सुख शांति व समृद्धि की कामना की। आयोजन समिति के सदस्य अधिवक्ता शिवशंकर सिंह एवं मुन्ना सिंह ने बताया कि गुरुवार को भंडारे के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होगा। इसकी तैयारी कर ली गई है। भंडारा में 5 हजार लोग शामिल होंगे। हवन के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं इस पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के दौरान प्रवचनकर्ता स्वामी विवेकानंद चैतन्य जी महाराज द्वारा श्रीराम कथा का रसपान प्रतिदिन कराया जा रहा है।





फेसबुक पर प्यार, धर्म बदलकर की शादी, फिर नकदी-जेवरात ले पति हुआ फरार

- फेसबुक से हुए प्रेम के बाद कोर्ट में हुई थी शादी, प्रेमिका से पत्नी अब पहुंची प्रेमी के गांव
- पीड़ित प्रेमिका ने एसपी से मिलकर लगाई न्याय की गुहार

केटी न्यूज/चंदौली

फेसबुक पर प्यार फिर सभी बंधनों को तोड़कर कोर्ट में शादी और पति ने धोखा देकर पत्नी के जेवर व नगदी लेकर फरार होने का मामला उजागर हुआ है। यह घटना सदर कोतवाली के डेवढिल गांव की बतायी जा रही है। पीड़ित महिला ने एसपी व कोतवाली में जानकारी आवेदन दिया है। साथ ही न्याय की गुहार लगायी है। मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के डेवढिल गांव के रहने वाले प्रेम कुमार तिवारी का फेसबुक के माध्यम से वर्ष 2022 में पश्चिम बंगाल की रहने वाली नेहा खातून से प्रेम हो गया। फिर युवक ने वेस्ट बंगाल पहुंचकर कोर्ट में शादी की। कुछ महीने बीतने के बाद वहां से जेवरात , नगदी ले भाग निकला। इसके बाद मंगलवार को प्रेमिका एसपी व कोतवाल से मिलकर न्याय की की गुहार लगाई। कार्रवाई नहीं होने पर प्रेमी के घर पहुंच कर यहीं पर रहने के जिद पर अड़ गई।



हालांकि प्रेमी घर पर नहीं मिलने पर ग्राम प्रधान रमेश खरवार सहित अन्य लोगों के समझाने बुझाने के बाद प्रेमिका वापस लौटी। वेस्ट बंगाल बाजार पाड़ा, रामपुर हॉट निवासी मोती खान की पुत्री नेहा खातून की 2022 में फेसबुक के माध्यम से सदर कोतवाली क्षेत्र के डेवढिल निवासी प्रेम कुमार तिवारी से प्रेम संबंध स्थापित हो गया। इसके बाद युवक नेहा खातून के बताए हुए पते पर वेस्ट बंगाल पहुंच गया और आर्मी में कमांडो होने की बात कहीं और दिल्ली राष्ट्रपति भवन पर ड्यूटी की तैनाती बतायी। इसके बाद 17 जनवरी 2023 को धर्म परिवर्तन कर वेस्ट बंगाल के ही कोर्ट में शादी की। कुछ महीने रहने के बाद युवक वहां से फरार हो गया। पीड़ित युवती के अनुसार कुछ दिनों तक युवक का कहीं कोई अता-पता नहीं चल पाया था। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा था। नेहा खातून के अनुसार उसे शक हुआ और वह अपने पति के गांव आ गई। एसपी आफिस पहुंची नेहा खातून ने आरोप लगाया कि पहले आर्मी में कमांडो होने का झांसा देकर शादी की। इसके बाद वहां से तीन लाख नगद व जेवरात लेकर फरार हो गया। कार्रवाई नहीं होने पर बुधवार को प्रेमी के घर पहुंच कर हो हल्ला मचाया। प्रेमी के यहां न मिलने पर ग्राम प्रधान रमेश खरवार के घर पहुंच कर आपबीती सुनाई और न्याय की की गुहार लगाई। ग्राम प्रधान सहित अन्य लोगों के समझाने बुझाने के बाद प्रेमिका वापस लौटी। इस संबंध में कोतवाल गगन राज ने बताया कि मामला वेस्ट बंगाल में चल रहा है। कोर्ट के फैसले के आधार पर ही कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी ओर युवक का कहीं पता

एक नजर

खाद्यान्न का वितरण 15 से 28 फरवरी तक

मऊ। जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम ने बताया कि जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह फरवरी 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण माह फरवरी 2024 में दिनांक 15 फरवरी 2024 से 28 फरवरी 2024 के मध्य निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेहूं व 21 किग्रा० चावल (35 किग्रा० खाद्यान्न) प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को उनके कार्ड से सम्बद्ध प्रत्येक यूनिट पर 02 किग्रा० गेहूं व 03 किग्रा० चावल (05 किग्रा० खाद्यान्न) का निःशुल्क वितरण दिनांक 15 फरवरी 2024 से 28 फरवरी 2024 तक किया जायेगा। समस्त संबंधित उचित दर विकेतागण अपने-अपने दुकान के उक्त आशय की सूचना, सूचना-पट्ट पर प्रदर्शित करेंगे। जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थी उक्त दिवस पर अपने उचित दर विकेता के यहां से उपरोक्तानुसार आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर सकते हैं।

ट्रेन में बिगड़ी तबीयत, दो यात्रियों ने तोड़ा दम

पीडीडीयू नगर। यात्रा के दौरान बुधवार को अलग अलग ट्रेनों में दो यात्रियों की मौत हो गई। यात्रियों की सूचना पर पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर यात्रियों के शवों को उतारा गया। राजकीय रेलवे पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई मे जुटी है। अलीपुर द्वार से दिल्ली जा रही अप महानंदा एक्सप्रेस के बी-तीन कोच के सीट संख्या 71 पर सवार होकर कटिहार निवासी सैफुद्दीन (61) परिवार वालों के साथ दिल्ली जा रहा था। रास्ते में ही उसकी तबियत खराब हो गई। परिवार वालों ने इसकी ट्रेन मे चल रहे टीटीई को दी। कंट्रोल की सूचना के आधार पर स्टेशन पर जीआरपी और वाणिज्य विभाग की टीम पहुंच गई। ट्रेन बुधवार की सुबह साढ़े बजे स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या सात पर पहुंची। इस दौरान सैफुद्दीन की मौत हो चुकी थी। जीआरपी ने शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इसी तरह बिहार के भोजपुर जिला के ओझवलिया निवासी ललित सिंह (53) पुत्र अंबिका सिंह डाउन दानापुर जनसाधारण एक्सप्रेस में सवार होकर आरा के लिए चले थे। रास्ते में ही तबियत खराब हो गई। ट्रेन बुधवार की भोर में साढ़े चार बजे स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर पहुंची। यहां ललित सिह की मौत हो चुकी थी। जीआरपी ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस संबंध में जीआरपी पीडीडीयू प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि यात्रा के दौरान दो यात्रियों की मौत हुई है। दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मार्च निकाल, महंगाई, बेरोजगारी पर सरकार को घेरा

चंदौली। अखिल भारतीय किसान सभा तथा खेत मजदूर यूनियन ने विभिन्न संगठनों के आह्वान पर बुधवार को सैदूपुर कस्बा में पैदल मार्च निकाला जो प्राथमिक विद्यालय सैदूपुर से चलकर सरैया, बसाढी होते हुए खरौझा तक पहुंची। वापस लौटकर उसरी मोड़ के पास पहुंचने पर सभा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी पर केंद्र सरकार पूरी तरह विफल है। महंगाई बढ़ती जा रही है और वेतन घटता जा रहा है। जन विरोधी, मजदूर विरोधी, देश विरोधी नीतियों के खिलाफ विभिन्न किसान तथा मजदूर संगठनों द्वारा अपने विभिन्न मांगों को लेकर 16 फरवरी को औद्योगिक हड़ताल तथा ग्रामीण बंद को सफल बनाने का आह्वान किया है। कहा कि हड़ताल को सफल बनाने के लिए सभी लोगों से अपील है कि वह 16 तारीख को सभी कामकाज बंद करके अपने-अपने इलाके से बंद को सफल बनाने हेतु बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। चकिया तहसील तथा जिला मुख्यालय पर मुख्यालय पर इकट्ठा होकर हड़ताल को सफल बनाने का कार्य करें। इस अवसर पर कामरेड भृगुनाथ, रामविलास विश्वकर्मा, परमानंद सिंह, अलाउद्दीन, रामनिवास पांडेय, लालजी सिंह, अमरनाथ, मनबहाल, गंगा पाल, रामचरित्र, बजरंगी आदि कार्यकर्ता रहे।

डा. सानंद सहित सैकड़ों ने ली भाजपा की सदस्यता

गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर सैकड़ों लोगों को जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने टोपी व पार्टी का पट्टा पहनाते हुए पुष्प के गुच्छे के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराया। समाजवादी पार्टी से स्थानीय निकाय के उम्मीदवार रहे डा. सानन्द सिंह, सेना से सेवा निवृत्त कल्पनाथ बिंद, रामकुवर चौहान, पूर्व प्रधान सौरम, फतेहउल्लाहपुर की ग्राम प्रधान सुमित्रा देवी, सलामतपुर अगस्ता की ग्राम प्रधान संगीता देवी, सेमरा चक फैज, राजेश यादव पूर्व प्रधान बक्सा, ग्राम प्रधान अफताब आलम, व ग्राम प्रधान रानी देवी के नेतृत्व में भारी संख्या में लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता विधानसभा मिलन समारोह में भाजपा जिला कार्यालय पर ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने पार्टी पट्टा व टोपी पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराया। इस अवसर पर सपना सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रीय राजनीतिक दल है । जो पं० दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रीय एकता,अखंडता एवं एकात्म मानववाद के अंत्योदय विचारों पर समर्पित होकर काम करती हैं।

खबरें फटाफट

शिविर में 35 मानसिक रोगियों का हुआ इलाज

गाजीपुर। जनपद के जमानियां कस्बा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत वृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का उद्घाटन केंद्र प्रभारी चिकित्सक डॉ. रविरंजन ने किया। जिसमें 35 मरीजों का इलाज किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि भूत-प्रेत महज दिमाग का भ्रम है। बुद्धि का कम विकास, याददाश्त की कमी, नशा करने से दिमागी कमजोरी, कमजोर यादास्त,मिर्गी, बेहोशी या अन्य प्रकार के दौरे आने वाले मरीज इस शिविर में परिजनों संग आकर उचित परामर्श ले सकते है। आगे उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला को संदर्भित करता है। विकार जो आपके मूड, सोच और व्यवहार को प्रभावित करते हैं। मानसिक बीमारी के उदाहरणों में अवसाद, चिंता, विकार, सिजोफ्रेनिया, खाने के विकार और व्यसनी व्यवहार शामिल हैं। उक्त मौके पर मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मुन्नू डॉल, केंद्र प्रभारी चिकित्सक डॉ रवि रंजन, डॉ रमेश रत्नाकर, डॉ प्रभात अग्रहरि, फार्मासिस्ट सुनील भास्कर, वार्ड व्वाय मोहित, महेंद्र सिंह, पत्तू लाल आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

हर्ष फायरिंग में युवक घायल, वाराणसी रेफर

बलिया। बैरिया थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव निवासी बबलू शाह 22 वर्ष पुत्र जयराम के पैर में मंगलवार की देर रात एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली जा लगी। जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। इसके बाद भगदड़ मच गई। आसपास के लोगों ने घायल को तत्काल जिला अस्पताल बुधवार की सुबह करीब 6:45 के आसपास पहुंचाया, जहां से हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। इस घटना में अभी पीड़ित परिवार की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। बैरिया पुलिस को घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

मिली जानकारी के अनुसार बैरिया थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव में शादी समारोह कार्यक्रम चल रहा था, जहां बबलू साह व उसके दोस्त मौजूद थे। शादी समारोह में मंगलवार की देर रात हर्ष फायरिंग हो रही थी। जिसमें से एक गोली बबलू के पैर में जा लगी। जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। आनन-फानन में लोगों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख वाराणसी रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि घायल के बहन की शादी थी जहां बारात आई हुई थी। बता जरा की उसमें आर्केस्ट्रा भी चल रहा था।

शिवपाल यादव का मना जन्मदिन

चंदौली। अलीनगर स्थित राधाकृष्ण महिला महाविद्यालय के प्रांगण में बुधवार को पूर्वक कैबिनेट मंत्री व सपा के कद्दावर नेता शिवपाल यादव का जन्मदिन सपा कार्यकताओं ने केक काटकर धूमधाम से मनाया। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का सपा कार्यकताओं ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। उनके दीघार्यु की कामना की।

सीएम ने 252 करोड़ की लागत वाली 91 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

अप्रैल से कन्या सुमंगला योजना में मिलेंगे 25 हजार रुपये : सीएम

- सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री, नव दम्पतियों को दिया आशीर्वाद

केटी न्यूज/गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप डबल इंजन की सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सम्मान के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सरकार अप्रैल से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की धनराशि को प्रति लाभार्थी 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने जा रही है। सीएम योगी बसंत पंचमी के पावन पर्व पर खाद कारखाना परिसर में एक हजार जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 252 करोड़ रुपये की लागत वाली 91 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान और



स्वावलंबन को लेकर 2014 में पीएम मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया। बेटी बचेगी तभी पढ़कर आगे बढ़ेगी और देश व समाज के लिए योगदान दे पाएगी। एक बेटी कुल खानदान को आगे बढ़ाने का काम करती है। बेटियों को बचाने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए आज केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब वह सीएम बने तो प्रदेश में यह समस्या आई कि बेटी को बचाने के लिए क्या और प्रयास करने चाहिए। इसके लिए पहला कार्यक्रम सुमंगला योजना का बनाया गया। इसमें बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक पढ़ाई की व्यवस्था की गई। इस योजना में सरकार अब तक 17 लाख से अधिक बेटियों को 15 हजार उपलब्ध करा चुकी है। अप्रैल से यह धनराशि बढ़कर 25 हजार हो जाएगी। सीएम योगी ने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक तीन लाख से शादियां करा चुकी है। प्रति जोड़े विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें 35 हजार रुपये कन्या के खाते में भेजे जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह सुखद है कि गरीब के साथ संपन्न परिवारों के बच्चे सामूहिक विवाह के कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं।

बाल विवाह, दहेज और तलाक की कुप्रथा अमानवीय: सीएम योगी ने कहा कि एक सदगृहस्थ के लिए विवाह भी एक संस्कार है और उस संस्कार से वह पैतृक परंपरा को आगे बढाने का कार्य करता है। सृष्टि की रचना, जीवन चक्र इसी से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि समय के अनुरूप विकृतियां भी आईं। कहीं बाल विवाह, दहेज तो कहीं तलाक जैसी कुप्रथाएं हैं। ये कुप्रथाएं आधी आबादी की विरोधी थीं। इनसे बचने के लिए बेटी हो ही न हों, इसके लिए तमाम कुत्सित प्रयास होने लगे।

शपथ लें न दहेज लेंगे न देंगे, बाल विवाह भी नहीं करेंगे: मुख्यमंत्री ने लोगों को संकल्प दिलाया कि बाल विवाह नहीं होने देना है। दहेज न लेना है, न देना है। तलाक जैसी कुप्रथाओं को सदैव के लिए समाप्त करना है। कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा। ये कुप्रथाएं अमानवीय हैं, आधी आबादी का अपमान और उन पर अत्याचार हैं।

मॉडल कोर्ट के निर्माण की टेंडर प्रक्रिया 27 को

चंदौली। चंदौली जनपद कोर्ट के निर्माण को लेकर 27 वर्षों से चल रहा इंतजार अब जल्द ही खत्म होने वाला है। 27 फरवरी को चंदौली मॉडल कोर्ट के निर्माण के टेंडर प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। यूपी प्लानिंग डिपाटमेंट ने चंदौली में 37 कोर्ट रूम के निर्माण के लिए कुल 511 करोड़ रुपये का स्टीमेट तैयार किया है। जिसकी निविदा 27 फरवरी को खोली जाएगी। प्लानिंग डिपार्टमेंट के मुताबिक न्यायालय निर्माण कार्य को 18 माह में पूर्ण करना होगा। विदित हो कि जनपद सृजन के बाद चंदौली में न्यायालय निर्माण को लेकर स्थानीय अधिवक्ताओं व आमजन ने लम्बी लड़ाई लड़ी। 27 वर्षों के लम्बे इंतजार व कड़े संघर्ष के बाद 27 फरवरी को न्यायालय निर्माण को लेकर टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। ऐसे में उम्मीद है कि आगामी लोकसभा चुनाव से पहले ही न्यायालय निर्माण कार्य का कभी भी शिलान्यास हो सकता है। साथ ही उसके निर्माण कार्य को पंख लगने की भी पूरी उम्मीदें जताई जा रही है। यह खबर उन तमाम अधिवक्ताओं और चंदौली के स्थानीय लोगों के लिए खुशखबरी है, जिन्होंने न्यायालय निर्माण को लेकर संघर्ष किया, आंदोलन किए और लम्बे समय तक सत्ता-शासन की खिलाफत की।

सपा नेता हत्या मामले में पुलिस ने किया खुलासा, महिला सहित तीन गिरफ्तार



केटी न्यूज/ गाजीपुर

जिले के नंदगंज पुलिस ने 31 जनवरी को सपा नेता अमलधारी यादव की हत्या के मामले में मंगलवार को फोरलेन धामूपुर हाई-वे से एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस उनके कब्जे से दो तमंचा व पांच कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो बरामद किया है। बताते चलें कि 31 जनवरी को अतरसुआं निवासी सपा नेता अमलधारी यादव की हाइ-वे पर बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दिया। नंदगंज थाने में नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया था। घटना के दिन सपा कार्यकताओं ने हमलवारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हाइवे जाम कर दिया था। घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह पहुंचे थे। उन्होंने गिरफ्तारी के लिए टीम भी गठित कर दिया था। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान धामूपुर हाई-वे कट के पास से स्कार्पियो सवार एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के तलाशी लेने पर उनके कब्जे से दो तमंचा व पांच कारतूस बरामद हुआ।

अराजकतत्वों ने फेफना थाना क्षेत्र में रविदास की मूर्ति को नीचे फेंका आक्रोशितों ने किया हंगामा

केटी न्यूज/ बलिया

फेफना थाना क्षेत्र के मिड्ढा गांव स्थित गोरथाना के पोखरा के मुख्यगेट के पास स्थित रविदास की मूर्ति को मंगलवार की रात किसी अराजकतत्व नीचे फेंक दिया था। बुधवार को इसकी जानकारी होते ही हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फेफना थानाध्यक्ष, सीओ सदर एवं एसडीएम सदर मौके पर पहुंच गए। पूछताछ में पता चला कि जिस स्थान पर मूर्ति स्थापित है। उस स्थान पर हरिजन बिरादरी के लोगों में ही आपस में विवाद है। जिसे लेखपाल व कानून को मौके पर बुलाकर नापी कराई गई एवं मुख्यगेट के पूरब 15 बाई 13 फिट की सहमति से जमीन उपलब्ध करा दी गई। जिसके बाद मामला शांत हो गया। आपको बता दें कि फेफना थाना क्षेत्र के मिड्ढा गांव स्थित गोरथाना के पोखरा के मुख्यगेट के पास करीब पांच वर्ष पहले अस्थाई चौकी पर रविदास की



मूर्ति स्थापित की गई थी। इसके बाद उसके ऊपर झोपड़ी डाली गई जो आधी, पानी व सड़ने के कारण समाप्त हो गई। इसी बीच मंगलवार की रात किसी अराजकतत्व ने रविदास की मूर्ति को नीचे फेंक दिया था। बुधवार को जैसे ही इसकी जानकारी हरिजन बस्ती को हुई वह आग बबूला हो गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर फेफना थानाध्यक्ष गजानन चौबे, सीओ सदर शुभसूचित, सदर एसडीएम आत्रेय मिश्रा मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए, जहां लेखपाल मुकेश पांडेय व कानूनगो रामपाल मिश्रा को बुलाकर जमीन की नापी कराई गई। इसके बाद हरिजन लोगों के आपसी सहमति के बाद गेट के पूर्व 15 बाई 13 फीट की जमीन सहमति के आधार पर लिखित रूप से उपलब्ध कराई गई। इसके बाद मामला शांत हो गया। उस स्थान पर पक्का नींव देकर निर्माण का कार्य आरंभ हो गया।



अबीर गुलाल लगाकर लोगों ने गाया पारंपरिक फाग गीत

वैदिक मंत्रोचार के साथ खुला मां शारदे का पट, हुई पूजा–पाठ

केटी न्यूज/बलिया

शहर सहित जिलेभर में बुधवार को धूमधाम से वसंत पंचमी का त्योहार मनाया गया। पूजा समितियों प्रतिमा स्थापित कर विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की गई। इसके बाद वैदिक मंत्रोचार एवं शंख, घण्ट घड़ियाल के साथ मां का पट खोला गया और मां शारदे की जयकारे लगाए गए। वसंत पंचमी को हिंदू पंचांग के अनुसार सबसे शुभ दिन माना गया है। पंचांग के अनुसार चार ऋतु में सबसे श्रेष्ठ बसंत ऋतु को माना गया है। इसी दिन ढोल पर थाप चढ़ती है और अबीर गुलाल लगाकर जोगिरा गाया जाता है। इसके बाद होली गीत आरंभ हो जाती है। वसंत पंचमी पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी



मां सरस्वती की आस्था के साथ पूजा की गई। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिक्षण संस्थानों पूजा कर विद्या की कामना की गई। जिले के 511 स्थानों पर पंडालों में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमाओं का बट वैदिक मंत्र 4 के बीच घाट घड़ियाल बजाकर खोला गया। इसके बाद एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मां के जयकारे लगाए गए और पारंपरिक फाग गीत ढोल नगाड़ों के साथ गाए गए। फेफना थाना क्षेत्र के फीनिक्स इंटर नेशनल स्कूल निबिया पोखरा के परिसर में छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती पूजन अर्चन किया। इसके बाद हवन किया। प्रसाद भी वितरण किया गया। दुर्गावती शिक्षण संस्थानधर्मपुरा के प्रांगण में सरस्वती पूजन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आकाश ने आईआईटी जेईई मेंस परीक्षा में जिले का नाम किया रोशन

पीडीडीयू नगर। जिले के होनहार विद्यार्थी आकाश यादव ने आईआईटी जेईई मेंस परीक्षा में 98.26 प्रतिशत अंक पाकर जिले का नाम रोशन किया है। आईआईटी जेईई मेंस परीक्षा परिणाम घोषित होने पर सफल विद्यार्थियों में उल्लास का संचार हो रहा है। कोचिंग संस्था ड्रीम गुरुकुल के सभी छात्रों ने अपेक्षित अंको के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। छात्रों ने नगर सहित जिले का नाम रोशन किया। सभी विद्यार्थियों को यह भरोसा है कि उन्हें अच्छे इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला मिल जाएगा।कोचिंग सेंटर पर सभी छात्रों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। गुरुकुल के बारहवीं के छात्र आकाश यादव 98.26, आदित्य गुप्ता 97.38, आनंद सिंह 88.26, आशुतोष त्रिपाठी 86.26, कृष्णा गुप्ता 84.79, हितैन 82.95, मयंक रावत 81.57 प्रतिशत अंक पाकर गुरुकुल, माता-पिता व जिला का नाम रोशन किया।इस दौरान गुरुकुल के डायरेक्टर अंकित पांडे ने कहा कि बच्चों की सफलता का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत और अध्यापकों के सही मार्गदर्शन को जाता है।





पढ़ा हुआ याद रखने के उपाय

आज के समय मे सभी सबजेक्ट को कैसे याद रखा जाए यह समस्या लगभग सभी के सामने होती है इस बात को सोचकर कुछ छात्र परेशान भी रहते है अगर आप पढ़ाई तो खूब करते है लेकिन आपको पढ़ा हुआ कुछ याद नहीं रहता है तो यहां इस पोस्ट मे हम आपको कुछ टिप्स बताने वाले है जिनसे आपको बहुत हद तक पढ़ा हुआ आसानी से याद हो जाएगा।

अपनी पढ़ाई को निरंतर जारी रखे पढ़ा हुआ याद रखने के लिए सबसे जरूरी है की आप रेगुलर अपनी पढ़ाई को करते रहे आपको जैसे भी समय मिलता है आप अपनी पढ़ाई को समय निकालकर कर सकते है इसके लिए आपको समय सारणी बनानी होती है। और उसके अनुसार ही तैयारी करनी होती है।

लिख कर याद करना

अक्सर आपने अपने शिक्षको से यह तो जरूर सुना होता की आपको याद करने के लिए लिखकर भी प्रयास करना चाहिए क्योंकि लिख कर याद करने से आपकी सोचने व समझने की क्षमता बढ़ती है आपको बिल्कुल पढ़ाई मे मन लगाने मे आसानी होती है। और आपको वह लिखने का फायदा यह होता है की हम उस समय केवल उस विषय के बारें मे ही सोचते है इससे हमारी याद करने की शक्ति बढ़ जाती है और हम उसके बाद किसी भी चीज को लम्बे समय तक याद रख सकते है और इसका एक और भी फायदा है की जब भी हम उस टोपिक को दुबारा देखेंगे तो हमे वह बाते जल्दी ही याद हो जाएगी।

तनाव व चिंता से दूर रहे

जब भी आप किसी विषय को पढ़ने बैठे तो आपका दिमाग बिलुकल फ्री होना चाहिए और किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। आपका दिमाग बिल्कुल फ्री होना चाहिए। इससे आपका पूरा ध्यान पढ़ाई पर होगा और आपको किसी भी विषय को याद करने मे आसानी होगी। अगर आपका मन उस समय पढ़ाई मे नहीं है और आप घर वालो के दबाव मे आकर केवल पढ़ने बैठते है तो आपको कुछ भी याद नहीं होगा इसलिए आपको फ्री दिमाग से पढ़ाई करनी चाहिए। आपको बिल्कुल शांत होकर पढ़ाई मे अपना ध्यान लगाना चाहिए। तब आपका मन पढ़ाई के प्रति आगे बढ़ेगा और आपको आसानी से याद होगा।

किसी दूसरे व्यक्ति को पढ़ाये

हम अक्सर देखते है की अपनी स्कूल या कॉलेज में अपनें बिना पुस्तक के आपको पूरा पाठ पढ़ा देते है, किसी को समझानें के लिए आपको उस विषय को बहुत अच्छी तरह से अध्ययन करना होता है और आप जब उस विषय या टॉपिक को किसी दूसरे व्यक्ति को पहली बार समझायेंगे तो आप स्वयं उसमें से कई बिंदु भूल जायेंगे, जब दोबारा फिर उस टॉपिक को पढ़ेंगे तो वह भूले हुए बिंदु हमें याद हो जायेंगे, एक समय ऐसा आएगा कि आप अपनें टीचर की तरह किसी को भी समझा पाएंगे आपको बता दे की अपने नॉलेज को दूसरों के साथ शेयर करने से आपका नॉलेज तेजी से बढ़ता है। इसके लिए आप अपने किसी मित्र को समझा सकते है या अपने सबजेक्ट के बारें मे चर्चा कर सकते है ऐसा करने से आपको आसानी से याद हो पाएगा।

पढ़ाई करते समय बीच मे ब्रेक लेना

जब आप पढ़ाई करते है तो आपको बीच मे 40-50 मिनट के बाद 10 मिनट का ब्रेक ले सकते है। पढ़ाई के बीच मे ब्रेक लेने से आपके दिमाग को थोड़ा आराम मेलेगा और आप दोबारा नई ऊर्जा के साथ पढ़ाई करने के लिए तैयार हो पाएंगे। इसके लिए आपको अधिक समय का ब्रेक नहीं लेना चाहिए।



आकाशीय तकनीक के ज्ञान से पाएं रोजगार

आपके शहर, घर और पसंदीदा जगहों की सेटेलाइट तस्वीरों की हो या फिर उस जीपीएस तकनीक की, जिसकी मदद से आप कोई पता तलाशते हैं, किसी अनजाने क्षेत्र में जाने के लिए आसान रास्ता ढूंढ़ते हैं या कोई नजदीकी होटल खोजते हैं। कुछ साल पहले तक कोरी कल्पना लगने वाली ये तकनीकें अब हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुकी हैं। यह सब संभव हुआ है जियोस्पेशल टेक्नोलॉजी के कारण।

क्या है यह तकनीक

जीआईएस या जियोमेटिक्स एक नई वैज्ञानिक अवधारणा है, जिसका इस्तेमाल जियोग्राफिकल इंफॉर्मेशन साइंस या जियोस्पेशल इंफॉर्मेशन स्टडीज में होता है। अकादमिक रूप से यह जियोइंफॉर्मेटिक्स विषय की एक शाखा है। इस विषय के सिद्धांतों को आधार बनाकर तैयार की गई तकनीकों को जियोस्पेशल टेक्नोलॉजी कहा जाता है। इस तकनीक की मदद से सभी तरह की भौगोलिक सूचनाओं को इकट्ठा करके उनका संग्रहण, विश्लेषण और प्रबंधन किया जा सकता है।

इस कार्य में जियोग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस), ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) और रिमोट सेंसिंग का प्रयोग किया जाता है। भारत में जियोमेटिक्स का क्षेत्र अभी अपनी प्रारंभिक अवस्था में है, लेकिन एक उद्योग के रूप में यह तेजी से विस्तार कर रहा है। इसको अपने कामकाज के लिए बड़े पैमाने पर स्पेशल डाटा (आकाशीय आंकड़ों) की जरूरत होती है। मगर शुरुआती दौर में होने की वजह से इस उद्योग में कुशल पेशेवरों की कमी बनी हुई है। इस कारण यहां रोजगार और तरक्की की दृष्टि से काफी संभावनाएं हैं।

जियोइंफॉर्मेटिक्स शब्द जियोग्राफी और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से मिलकर बना है। इस तकनीक का लाभ परिवहन, रक्षा, विनिर्माण और संचार सहित सैकड़ों क्षेत्रों में लिया जा रहा है। अर्बन प्लानिंग, लैंड यूज मैनेजमेंट, इन-कार नेविगेशन सिस्टम, वचरुअल ग्लोब, पब्लिक हेल्थ, इंवायरन्मेंटल मॉडलिंग एंड एनालिसिस, मिलिट्री, ट्रांसपोर्ट नेटवर्क प्लानिंग एंड मैनेजमेंट, एग्रीकल्चर, मीटिअरोलॉजी, ओशियनोग्राफी एंड एटमॉस्फेयर मॉडलिंग, बिजनेस लोकेशन प्लानिंग, आर्किटेक्चर, आर्कियोलॉजिकल रिकंस्ट्रक्शन, टेलीकम्यूनिकेशंस, क्रिमिनोलॉजी एंड क्राइम सिमुलेशन, एविएशन और मैरीटाइम ट्रांसपोर्ट आदि से संबंधित कार्यों में जियोइंफॉर्मेटिक्स काफी मददगार साबित हो रहा है। क्लाइमेट चेंज स्टडीज, टेलीकम्यूनिकेशंस, डिजास्टर मैनेजमेंट और उसकी तैयारियों में इस तकनीक से विशेष मदद मिलती है। इसी तरह बिजनेस लोकेशन प्लानिंग, आर्किटेक्चर और आर्कियोलॉजिकल रिकंस्ट्रक्शन में इस तकनीक को अपनाए जाने के बाद काम की गुणवत्ता में काफी सुधार आया है। जियोग्राफी और अर्थ साइंस के विशेषज्ञों और शोधार्थियों को भी इस तकनीक से सटीक अध्ययन में काफी मदद मिली है। जियोइंफॉर्मेटिक्स के बढ़ते महत्व का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अब यह सरकारी और निजी क्षेत्र के संगठनों में बड़े निर्णयों का आधार भी बनने लगा है। व्यावसायिक प्रतिष्ठान, पर्यावरण एजेंसियां, सरकार, शोध-शिक्षण संस्थान, सर्वेक्षण और मानचित्रीकरण संगठन अपने कामकाजी फैसलों में इस तकनीक से प्राप्त आकड़ों को वरीयता देते हैं। कई सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों ने अपने दैनिक कार्यो का प्रबंधन करने के लिए भी स्पेशल डाटा का उपयोग शुरू कर दिया है।

संभावनाएं

जियोस्पेशल टेक्नोलॉजी में कई तरह के रोजगार उपलब्ध हैं। साथ ही नए-नए अवसर भी इस क्षेत्र में पैदा हो रहे हैं। एनालिस्ट, काटरेग्राफर, सर्वेयर, प्लानर, एरियल फोटोग्राफर और मैपिंग टेक्निशियन आदि रोजगार के कुछ प्रमुख विकल्प हैं, जिन्हें जियोस्पेशल टेक्नोलॉजी की पढ़ाई कर रहे छात्र चुन सकते हैं।

जरूरी गुण

- जटिल मामलों को सुलझाने का कौशल
- विश्लेषण करने का हुनर
- समस्याओं को भांपने और उनका हल तलाशने की काबिलियत
- अपने विषय से गहरा लगाव
- नए उपायों को तलाशने का उत्साह
- रचनात्मकता और सीखने की ललक
- लिखित व मौखिक रूप में भाषा पर गहरी पकड़
- नई चीजों को जानने और सीखने में रुचि
- अपने विषय क्षेत्र की गहरी जानकारी और उसमें हो रहे बदलावों का ज्ञान

प्रमुख रोजगार क्षेत्र और कार्य

- आईटी - जीआईएस प्रोग्रामर और जीआईएस डेवलपर
- इंवायरन्मेंट -इंवायरन्मेंटल प्लानिंग एंड मैनेजमेंट
- गवर्नमेंट (स्टेट एंड सेंट्रल) - को-ऑर्डिनेटर, साइंटिस्ट, रिसर्च एसोसिएट और जीआईएस एग्जिक्यूटिव
- जियोलॉजी - जियोलॉजिकल एंड जियोमॉफरेलॉजिक मैपिंग, टरेन एंड कडैस्ट्रल मैपिंग और माइनिंग
- डिजास्टर मैनेजमेंट - आकलन और राहत कार्यक्रमों में
- एग्रीकल्चर - फसलों का रकबा जानने और नुकसान का आकलन करने में
- मिलिट्री - युद्ध की योजना बनाने और युद्ध के बाद के प्रभावों का अनुमान लगाने में
- अर्बन - टाउन प्लानिंग, मॉनिटरिंग सर्फेस वाटर और टार्गेटिंग ग्राउंड वाटर
- एजुकेशनल इंस्टीटयूट - लेक्चरर, रीडर, साइंटिफिक ऑफिसर और प्रोफेसर

संबंधित संस्थान

- इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ रिमोट सेंसिंग, देहरादून
- इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर, कानपुर और रुड़की
- बिरला इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रांची, कोलकाता, जयपुर
- नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी, हैदराबाद
- इसरो, बेंगलुरु
- जवाहरलाल नेहरू टेक्निकल यूनिवर्सिटी, हैदराबाद
- सिंबायोसिस इंस्टीटयूट ऑफ जियोइंफॉर्मेटिक्स



बनाएं मोबाइल फ्रेंडली रेज्यूमे, फॉलो करें ये टिप्स

हायरिंग मैनेजर्स और रिक्रूटर्स इतने व्यस्त प्रोफेशनल्स हैं कि उन्हें ऑफिस के बाहर भी अपने ई-मेल्स चेक करने पड़ते हैं। आजकल स्मार्ट फोन, टेबलेट्स या अल्ट्रामोबाइल डिवाइस के बढ़ते उपयोग के साथ यह संभव हो पाया है। अब ऐसे में अगर आपने जॉब इंटरव्यू के लिए अप्लाई किया हो और रिज्यूमे को हायरिंग मैनेजर मोबाइल पर एक्सेस कर रहे हैं तो यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि आपका रेज्यूमे मोबाइल फ्रेंडली हों। मोबाइल फ्रेंडली रेज्यूमे एक वैकल्पिक रेज्यूमे है जिसे तैयार करने का उद्देश्य है कि मोबाइल पर इसे बिना जूम-इन या ड्रेगिंग के स्पष्ट तरीके से पढ़ा जा सके। आपको रिक्रूटर्स को स्टैंडर्ड माइक्रोसॉफ्ट रेज्यूमे के साथ यह मोबाइल रेज्यूमे भी सबमिट करना चाहिए। यहां मोबाइल रेज्यूमे तैयार करने के टिप्स दिए जा रहे हैं जिसे आप माइक्रोसॉफ्ट वर्ड पर परफॉर्म कर सकते हैं और इसके लिए आपको किसी ऐप को खरीदने या फाइल को कंवर्ट करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

- आपका रेज्यूमे एक डिवाइस पर दिखेगा जो कि एवरेज पीसी या लेपटॉप स्क्रीन की साइज का 10 प्रतिशत है। अपने मोबाइल रेज्यूमे में किसी तरह की इमेज या चार्ट न शामिल करें। जो चीजें बड़ी स्क्रीन पर अच्छी दिखती है, वह छोटे पर काफी गड़बड़ नजर आएगी। फॉन्ट साइज 32 रखें। हाई कॉन्ट्रास्ट कलर्स जैसे ब्लू बैकग्राउंड और व्हाइट फॉन्ट यूज करें। स्लाइड के टॉप और बॉटम के मार्जिन को मेनटेन रखें। 6*9 इंच पर्याप्त है। ऐसा नहीं है कि इससे जूम और ड्रेग करने की बिलकुल जरूरत नहीं पड़ेगी बल्कि इसकी जरूरत में कमी जरूर आएगी।
- मोबाइल रीडर के लिए अगर आप रेज्यूमे बना रहे हैं तो यह बात ध्यान में रखें कि रीडर छोटा मैसेज चाहता है। मोबाइल रेज्यूमे के लिए छोटा मैसेज एंगेजिंग होता है। बुलेट स्टेटमेंट्स को सात शब्दों में रखें। हर बुलेट में शब्दों की एक लाइन आदर्श मानी जाती है।
- एक स्लाइड फॉर्मेट में न्यूनतम जानकारी के साथ स्लाइड्स की सीरीज के हिस्से के रूप में हर स्लाइड लें। अपने रेज्यूमे को तीन से पांच स्लाइड में रखें। इससे रेज्यूमे को पढ़ना ज्यादा आसान होता है।
- अपने रेज्यूमे को टेबलेट और एक मोबाइल फोन पर चेक करके जरूर देख लें। अपने माइक्रोसॉफ्ट वर्ड डॉक्यूमेंट को भेजने से पहले पीडीएफ बना लें।

स्टार्ट-अप आनंद भी, रोजगार भी

अमेरिका और ब्रिटेन के बाद स्टार्ट-अप शुरू करने के मामले में फिलहाल दुनिया में तीसरे नंबर पर चल रहे भारत के विकास को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि अगले साल तक हमारा देश नंबर वन बन सकता है। भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए स्टार्ट-अप इंडिया कार्यक्रम से इसे और गति मिल सकती है। माना जा रहा है कि अगले दस साल में भारत में एक लाख स्टार्ट-अप स्थापित होंगे, जिनमें करीब 35 लाख युवाओं को रोजगार मिल सकता है। आइए देखें कि आप इस स्थिति से लाभ उठाने के लिए खुद को कैसे तैयार कर सकते हैं।

ट्रैंड में बदलाव

पिछले कुछ वर्षों में ही जॉब्स ट्रैंड में 360 डिग्री का बदलाव देखने में आ रहा है। पहले युवा जहां सरकारी या एमएनसी नौकरियों के पीछे दौड़ लगाते थे, वहीं अब इनमें से तमाम युवा नौकरी खोजने-पाने नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले की भूमिका में सामने आ रहे हैं। 'फोर्ब्स'' ने अपनी रिपोर्ट में माना है कि भारत में स्टार्ट-अप शुरू करने वाले युवा उद्यमियों की औसत उम्र 30 साल से कम है। भारत में छोटे-बड़े मिलाकर फिलहाल करीब 5 हजार स्टार्ट-अप्स काम कर रहे हैं। इसमें हर दिन 4 से 6 स्टार्ट-अप जुड़ते हैं। इनकी सफलता को देख नौकरी कर रहे और नौकरी तलाश रहे बहुतेरे प्रतिभाशाली युवा भी अपनी रुचि के क्षेत्र में स्टार्ट-अप शुरू करने की संभावनाएं तलाश रहे हैं। इतना ही नहीं, इनकी कामयाबी को देखते हुए स्थापित कंपनियों में सीनियर लेवल पर काम कर रहे एम्प्लॉयी भी दूसरी बड़ी कंपनियों से जुड़ने के बजाय इन स्टार्ट-अप्स से जुड़ना कहीं अधिक पसंद कर रहे हैं। या फिर वे खुद की ही कंपनी स्थापित करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। स्टार्ट-अप्स के भविष्य को देखते हुए इन्हें एंजल इन्वेस्टर्स का भी खूब साथ मिल रहा है।

मुश्किलें कैसे हों आसान

देश को विकास की राह पर आगे बढ़ाने वाला यह दिलचस्प ट्रैंड और जोर पकड़ सकता है, बशर्ते सरकार स्टार्ट-अप्स की राह में आने वाली बाधाओं को दूर करते हुए सरलता से इनके आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करे। अगर सरकार अपनी योजनाओं को प्रचारित-प्रसारित करने के साथ-साथ इन पर शत-प्रतिशत व्यवहारिक अमल करे और समय-समय पर स्टार्ट-अप शुरू करने वाले युवाओं की चिंताओं को समझकर उन्हें दूर करने का प्रयास करे, तो निश्चित रूप से उन एक्सपर्ट्स की बात सही साबित हो सकती है, जो यह मानते हैं कि अगले ही साल तक अमेरिका और ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए स्टार्ट-अप्स के मामले में भारत दुनिया का नंबर वन देश बन सकता है। इसके लिए राज्य सरकारों को भी आगे आना होगा।

समझें अपनी ताकत

अगर आप भी भारतीय स्टार्ट-अप्स से प्रेरित हैं और अपने मन का कुछ करने के लिए व्याकुल हैं, तो अति-उत्साह में आने या सिर्फ सपने देखने के बजाय सबसे पहले अपनी ताकत को जानें-समझें। इस बात की संभावनाएं तलाशें कि जिस क्षेत्र में आपकी रुचि है, उसमें आप नया क्या कर सकते हैं। आप जो प्रोडक्ट या सर्विस देना चाहते हैं, उसे लोग क्यों पसंद करेंगे? आप उसे लोगों तक किस तरह पहुंचाएंगे? उसकी मार्केटिंग कैसे करेंगे? उसके लिए आर्थिक रूप से कितना मजबूत होना जरूरी है? भविष्य के लिए आपकी क्या रणनीति है? आप एक मजबूत टीम किस तरह बनाएंगे? इन सब बातों पर विचार और पूरी तैयारी करने के बाद ही काम आरंभ करें। एक-एक कदम सोच-समझकर बढ़ाएं।

करें कारगर पहल

अगर आप खुद का स्टार्ट-अप शुरू करने के बजाय कुछ साल नौकरी करके जरूरी व्यवहारिक बारीकियां सीखना-समझना चाहते हैं, तो किसी भी कंपनी में (स्टार्ट-अप ही हो तो बेहतर) शुरूआत कर सकते हैं। हां, जहां भी किसी कंपनी को जॉइन करें, वहां पूरी लगन, मेहनत और ईमानदारी से काम करें। उत्सुकता और उत्साह के साथ सीखने के लिए तत्पर रहें। जहां सुझाव मांगे जाएं, वहां अपने इनोवेटिव आइडियाज जरूर शेयर करें। मैनेजमेंट और सीनियर्स की नजरों में अपनी काबिलियत साबित करें।



यूं करें शुरूआत

- एंटरप्रेन्योर के रूप में खुद का स्टार्ट-अप शुरू करना चाहते हैं, तो सबसे पहले उस यूनीक काम/क्षेत्र को चुनें, जिसमें आप अपना काम करना चाहते हैं।
- उसके बाद उस क्षेत्र की बुनियादी जरूरतों के बारे में खूब रिसर्च करें। उस क्षेत्र में पहले किसी ने काम किया है, तो उसकी उपलब्धियों पर गौर करें।
- यदि किसी को असफलता मिली है, तो उससे भी कोई-न-कोई सीख मिल सकती है।
- सभी मोर्चों पर ठोस तैयारी के बाद ही काम आरंभ करें।



बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर प्रोड्यूसर प्रज्ञा कपूर के ह्यूमन नेचर कैंपेन से जुड़ीं !

एक यादगार यात्रा की शुरुआत करते हुए, प्रसिद्ध निर्माता प्रज्ञा कपूर ने ह्यूमन नेचर का परिचय दिया, जो एक अनूठा प्रयास है जो टिपिकल फैशन से परे है। यह ब्रांड एकता, सहानुभूति और इको-फ्रेंडली का प्रतिनिधित्व करता है। प्रसिद्ध बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर, सस्टेनेबिलिटी के लिए आवाज़ उठाती हैं और एक साथ फाउंडेशन में एक विशेष फिगर हैं, ह्यूमन नेचर कैंपेन के लिए एक स्ट्रेटेजिक कोलैबोरेशन में प्रज्ञा के साथ साझेदारी करती हैं, जो सस्टेनेबिलिटी के लिए उनके समर्पण को प्रदर्शित करता है। ह्यूमन नेचर के लिए वाणी का प्रज्ञा के साथ जुड़ना फिल्म चंडीगढ़ करे आशिकी में साथ काम करने के बाद उनका दूसरा सहयोग है। ह्यूमन नेचर को प्रमोट करने के लिए एक्ट्रेस वाणी कपूर ने कहा, सामाजिक मुद्दे हमेशा मेरे दिल के बहुत करीब रहे हैं और मैं हमेशा उनके बारे में मुखर रही हूं।

एक साथ फाउंडेशन दो मुख्य कारणों से मेरे दिल के करीब है, पहला कारण प्रज्ञा, जिससे मैं बहुत प्यार करती हूं। दूसरे, और सबसे महत्वपूर्ण बात, वे हमारे ग्रह और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर और सस्टेनेबल फ्यूचर बनाने में विश्वास करते हैं। मैं एक ऐसे इंडस्ट्री से आती हूं, जहां फैशन बहुत महत्वपूर्ण है और मैं इसे और अधिक सस्टेनेबल बनाने के तरीकों की तलाश में रहती हूं। मुझे इस पहल, ह्यूमन नेचर के साथ जुड़कर खुशी हो रही है। मेरा मानना है कि हम सभी को इसका समर्थन करना चाहिए। मुझे आज यहां खड़े होकर और एक साथ फाउंडेशन के प्रयासों का समर्थन करने पर बहुत गर्व महसूस हो रहा है, जो हम सभी के बेहतर भविष्य के निर्माण की पहल है।÷ एक नेक उद्देश्य से प्रेरित, ह्यूमन नेचर एक साथ - द अर्थ फाउंडेशन के समर्थन के स्तंभ के रूप में कार्य करती है।

प्रज्ञा कपूर ने प्रसिद्ध कलाकार और पर्यावरणविद् एलोडी ले डेफ़ के साथ मिलकर मानवता, प्रकृति और वन्य जीवन के सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड तैयार किया। प्रोड्यूसर प्रज्ञा कपूर का बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर के साथ नवीन सहयोग एक नेक काम के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है, जो सार्थक बदलाव लाने पर जोर देता है। उनके प्रयासों के लिए बढ़ती प्रत्याशा के साथ, यह साफ है-ह्यूमन नेचर महज फैशन से बढ़कर है, जो एक सामंजस्यपूर्ण और सस्टेनेबल ग्लोबल एथॉस के डायरेक्शन में एक ट्रांसफॉर्मेटिव जर्नी की शुरुआत है।

पूनम पांडे के खिलाफ

100 करोंड़ का मानहानि का केस दर्ज

बॉलीवुड एक्ट्रेस और इरोटिक मॉडल पूनम पांडे इन दिनों लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। हाल में ही पूनम पांडे की मौत की अफवाह हर तरफ सुर्खियों में रही। बाद में एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए बताया था कि वह जिंदा है तो लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया था। वहीं अब पूनम पांडे और उनके पति सैम बॉम्बे मुश्किल में पड़ते नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस और उनके पति के खिलाफ मानहानि का मुकद्दमा दर्ज किया गया है। आइए बताते हैं आखिर किसने और क्यों पूनम पांडे के खिलाफ ये केस किया है।

क्या है पूरा मामला

दरअसल कंट्रोसवर्सी स्टंट्स की वजह से हमेशा चर्चा में रहने वाली पूनम पांडे की टीम ने कुछ दिनों पहले पूनम के इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट करके जानकारी दी थी कि पूनम पांडे की सर्वाइकल कैंसर से मौत हो गई है। इस खबर के बाद पूरे देश में हड़कंप मच गया था। यह झूठी खबर पूनम ने खुद ही सोशल मीडिया पर फैलाई थी। हालांकि बाद में पूनम पांडे ने वीडियो जारी करके कहा था की उन्होंने सिर्फ सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अपनी मौत की झूठी खबर चलवाई थी।

पूनम पांडे के खिलाफ एफआईआर दर्ज

मुंबई के रहने वाले फैजान अंसारी ने 100 करोड़ रुपये का मानहानि का मामला दर्ज कराया है। फैजान अंसारी ने अपनी स्वढ्ढक्रमें आरोप लगाया है कि पूनम पांडे और उनके पति सैम बॉम्बे ने पब्लिसिटी पाने के लिए कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को लेकर लोगों में सीरियसनेस घटाने और अपनी मौत की झूठी खबर का ड्रामा खड़ा करने का काम किया है। फैजान ने लिखा कि पूनम पांडे ने अपनी इन हरकतों से ना सिर्फ करोड़ों भारतीय का विश्वास तोड़ा है बल्कि के बेहिसाब लोगों की छवि को भी खराब करने का काम किया है।

फैजान ने आगे लिखा कि वो खुद सिविल लाइन्स कानपुर कोर्ट पहुंचकर पूनम और उनके पति सैम बॉम्बे के खिलाफ 100 करोड़ रुपये का मानहानि का मामला दर्ज करा रहे हैं, जिसकी एक कॉपी उन्होंने कानपुर पुलिस कमिश्नर को भी दी है। उन्होंने पूनम पांडे के खिलाफ तुरंत अरेस्ट वारंट जारी करने की अपील की है।



इको फ्रेंडली शादी की तैयारी में जुटे रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी 21 फरवरी को शादी करने जा रहे हैं। शादी गोवा में होगी। बताया जा रहा है दोनों ने इसे इको फ्रेंडली तरीके से मनाने का निर्णय लिया है। सूत्र बताते हैं कि इस जोड़े ने मेहमानों को डिजिटल आमंत्रण दिया है। इको फ्रेंडली थीम को ध्यान में रखते हुए शादी में कोई आतिशबाजी नहीं की जाएगी। रकुल और जैकी ने अपनी शादी के बाद पौधारोपण करने की भी योजना बनाई है। कुछ साल तक डेटिंग करने के बाद, रकुल और जैकी ने अपनी शादी के लिए गोवा को चुना। कथित तौर पर उन्हें उसी स्थान पर प्यार हुआ था।

जैकी की पहली फिल्म कल किसने देखा थी, जो 2009 में आई थी। इसके बाद उन्होंने फालतू, अजब गजब लव, रंगरेज और यंगिस्तान जैसी कई अन्य फिल्मों में अभिनय किया। रकुल ने 2009 में कन्नड़ फिल्म गिल्ली से अभिनय की शुरुआत की। उन्होंने यारियां से हिंदी सिनेमा की दुनिया में कदम रखा जिसके बाद उन्होंने दे दे प्यार दे, रनवे 34, छतरीवाली, आई लव यू और डॉक्टर जी सहित कई अन्य फिल्मों में अभिनय किया।



वकील की भूमिका में नजर आएंगे नवाजुद्दीन

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की आगामी फिल्म सेक्शन 108 में डबल धमाल होने वाला है। मूवी की शूटिंग कंप्लीट हो गई है। इसके लिए सभी टीम के साथियों ने केक काटकर सेलिब्रेट किया है। यह एक क्राइम थ्रिलर मूवी है। जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी का हाई वोल्टेज एक्टिंग (ड्रामा) देखने को मिलेगा। वह एक वकील की भूमिका में नजर आएंगे। अरबाज खान और रेजिना कैसेंड्रा सहित शानदार कलाकारों वाली इस फिल्म का निर्देशन रसिख खान ने किया है और सिनेमावाला प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है। नवाजुद्दीन ने फिल्म में बीमा क्लेम करने वाले वकील ताहूर खान की भूमिका निभाई है, जिसे अरबाज द्वारा अभिनीत एक अरबपति के गायब होने के बाद लाया गया था। अदालत ने उसे मृत मान लिया है। बीमा कंपनी का मानना है कि परिवार का दावा गलत है, यह एक तरह की धोखाधड़ी है। इसमें कैसंड्रा बीमा कंपनी की एक अधिकारी शिखा सक्सेना की भूमिका में नजर आएंगी। कहानी का अतिरिक्त विवरण गुप्त रखा जा रहा है। अब शूटिंग पूरी होने के साथ, पोस्ट-प्रोडक्शन का काम जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। सेक्शन 108 के निर्माताओं के अनुसार, यह एक मनोरम सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है, जिसमें नवाजुद्दीन एक बार फिर प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ अपने बहुमुखी अभिनय कौशल का प्रदर्शन करेंगे। फिल्म में आसिफ खान, रूमी खान, सानंद वर्मा, अलीशा ओहरी और सहर्ष कुमार शुक्ला भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। नवाजुद्दीन पिछली बार हड्डी में नजर आए थे। अब उनके पास नूरानी चेहरा और संगीन पाइपलाइन में हैं। मूवी कब रिलीज होगी अभी इसकी कोई अपडेट नहीं है।



ऐश्वर्या की खूबसूरती की दिवानी हुई कंगना

सोशल मीडिया पर खुलकर की तारीफ



कंगना रनौत आम तौर पर बॉलीवुड सेलेब्स की तारीफ कम करती हैं। लेकिन पिछले कुछ समय में एक्ट्रेस कई एक्टर्स और उनके काम की खूब तारीफ कर रही हैं। अब कंगना ने ऐश्वर्या राय बच्चन की खूबसूरती की तारीफ में सोशल मीडिया पोस्ट किया है। उनके इस पोस्ट से फैंस भी हैरान हैं कि आखिर कैसे बॉलीवुड की क्वीन ने उनकी तारीफ की। अब उन्होंने एक्ट्रेस को लेकर क्या कहा आपको बताते हैं।

क्या बोलीं कंगना

कंगना ने कई क्लिप शेयर की हैं ऐश्वर्या की कई फिल्मों की। इसके बाद उन्होंने ऐश्वर्या की खूबसूरती की तारीफ कर लिखा, ऐश की महान खूबसूरती के लिए अप्रिशिएशन स्टोरी।

वैसे बता दें कि जब ऐश्वर्या की फिल्म पोन्नियिन सेलवन रिलीज हुई थी तब भी कंगना ने उनकी तारीफ की थी और लिखा था कि बॉलीवुड लिरिसिस्ट सिर्फ टीनेजर्स ब्यूटी की तारीफ करते हैं और कभी 40-50 की उम्र की महिलाओं की पावर और खूबसूरती पर फोकस नहीं करते हैं। कंगना ने ऐश्वर्या को चांद तक कहा था।

दोनों की प्रोफेशनल लाइफ

ऐश्वर्या की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट साल 2023 में पोन्नियिन सेलवन 2 में नजर आई थीं जो तमिल फिल्म थी। वहीं हिंदी में वह लास्ट साल 2018 में फिल्म फन्ने खान में नजर आई थीं अनिल कपूर और राजकुमार राव के साथ। फिलहाल ऐश्वर्या के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर कोई जानकारी नहीं है। वहीं कंगना की बात करें तो वह लास्ट फिल्म तेजस में नजर आई थीं जिसे मिक्स रिस्पॉन्स मिले थे। अब वह फिल्म इमरजेंसी में दिखेंगी जिसमें वह इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं। इसके अलावा फिल्म को वह खुद डायरेक्ट कर रही हैं जिसमें उनके अलावा अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन हैं।



रील्स के राजा सानंद के लिए प्रेम ही सबसे बड़ी दौलत

सोशल मीडिया पर अपनी रील्स और चुटकुलों के लिए मशहूर अभिनेता सानंद वर्मा मानते हैं कि प्रेम ही जीवन को सही से जीने का सबसे बड़ा मार्गदर्शक सिद्धांत है। धारावाहिक भाबीजी घर पर हैं में अनोखेलाल सक्सेना की भूमिका निभा कर चर्चित हुए अभिनेता सानंद वर्मा की मानें तो प्रेम की एक अलग ही परिभाषा है। और प्रेम माता-पिता, भाई-बहन, पत्नी और अपने फैंस के साथ भी हो सकता है, बशर्ते ये प्रेम निश्छल और शुद्ध हो। अभिनेता सानंद वर्मा कहते हैं, प्यार सबसे महत्वपूर्ण और गहन भावना है, जिसे कोई भी व्यक्ति महसूस कर सकता है। प्रेम सभी भावनाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

मुझे ऐसा लगता है कि अगर आप में प्रेम है तो आप जीवन की सभी बाधाओं को दूर कर सकते हैं। प्रेम से बढ़कर जीवन में कुछ भी नहीं है। आप जीवन में चाहे जितना भी पैसा कमा लो, अगर आपके जीवन में आपसे प्रेम करने वाला कोई नहीं है तो जीवन का कोई मतलब नहीं है। इंसान की जिंदगी में जो सबसे अहम चीज होती है, वह प्रेम ही है। सानंद वर्मा कहते हैं, मैं जिन लोगों से प्यार करता हूं, उनके लिए कुछ भी कर सकता हूं। चाहे वो मेरे घर के परिवार के सदस्य हो या फिर मेरे प्रशंसक। मैं हमेशा प्रशंसकों के संपर्क में रहता हूं। वह बिना किसी स्वार्थ से मुझसे प्यार करते हैं और मैं भी उन्हें उतना ही प्यार करता हूं। अगर प्रेम नहीं है तो जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है।



निर्देशक नीरज पांडे की अगली फिल्म में अभिनय करेंगी सैयामी खेर

अभिनेत्री सैयामी खेर निर्देशक नीरज पांडे की आगामी फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह प्रोजेक्ट एक महिला प्रधान विषय की खोज करने वाली एक लेखक-समर्थित भूमिका है, जो दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। यह नेटफ्लिक्स ऑरिजिनल फिल्म है। घूमर में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद नीरज पांडे ने सैयामी को महत्वपूर्ण भूमिका के लिए चुना। हिट सीरीज स्पेशल ऑप्स में उनकी सफल साझेदारी ने आगामी सीजन में उनके एक साथ आने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग 15 फरवरी से शुरू होगी, प्रोडक्शन टीम 30 दिनों के शूटिंग शेड्यूल के लिए तैयार है, जिससे फिल्म समय पर पूरी होगी। वे पूरी फिल्म को एक बार में शूट करने की योजना बना रहे हैं। कोई ब्रेक नहीं होगा। यह नेटफ्लिक्स की ऑरिजिनल फिल्म होगी। सैयामी ने 2015 में तेलुगु फिल्म रे से डेब्यू किया और राकेश ओमप्रकाश मेहरा की पंजाबी लोकगीत मिर्जा-साहिबां पर आधारित हिंदी फिल्म मिर्जया में नजर आईं। 2020 में वह मयंक शर्मा की वेब सीरीज ब्रीथ में अभिषेक बच्चन के साथ नजर आईं। 2021 में उन्होंने एक्शन फिल्म वाइल्ड डॉग में नागार्जुन के साथ काम किया। 2023 में सैयामी आर बाल्की की घूमर में नजर आईं।



रेड एंड व्हाइट साड़ी..तीखे नैन नक्श..बंगाली ब्यूटी बन हिना ने चुराया दिल

टीवी एक्ट्रेस हिना खान जल्द ही बिग बॉस 17 के विनर और स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी संग स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी। दोनों इस वक्त कोलकाता में प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रहे हैं। अब सेट से इनकी फोटोज भी सामने आ गई हैं जो इंटरनेट पर छाई हुई हैं। सामने आई तस्वीरों में हिना व्हाइड एंड रेड साड़ी में खूबसूरत लग रही हैं। मिनिमल मेकअप, तीखे नैन नक्श, बंगाली ब्यूटी बन हिना हर किसी का दिल जीत रही हैं। वहीं मुनव्वर सफेद शर्ट और शॉर्ट्स में कैजुअल लुक में हैं। कोलकाता की गलियों में दोनों खूब मस्ती करते दिख रहे हैं। फैंस इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं।

माहिरा ने प्रेग्नेंसी और ओटीटी प्रोजेक्ट से बाहर होने की अफवाहों को किया खारिज



2017 की फिल्म रईस में बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान के साथ नजर आने वाली पाकिस्तानी अभिनेत्री माहिरा खान ने अपनी प्रेग्नेंसी की खबरों का खंडन किया है। हाल ही में, रेडिट पर एक यूजर ने एक पोस्ट में लिखा था कि अभिनेत्री पाकिस्तानी उद्यमी सलीम करीम के साथ शादी के बाद प्रेग्नेंट हैं। पोस्ट में यह भी दावा किया गया था कि माहिरा ने नेटफ्लिक्स की जो बचे हैं संग समेट लो और एक अन्य फिल्म से भी किनारा कर लिया है। रेडिट पोस्ट में लिखा है, मुझे एक करीबी स्त्रोत से यह खबर मिली कि उन्होंने एक बड़ी फिल्म के साथ-साथ प्रतिष्ठित नेटफ्लिक्स प्रोजेक्ट को भी छोड़ दिया है क्योंकि वह अगस्त या सितंबर में अपने दूसरे बच्चे की मां बनने वाली हैं। माहिरा ने स्पष्टीकरण जारी किया और कहा कि उपरोक्त दावों में कोई सच्चाई नहीं है। माहिरा और सलीम ने एक अक्टूबर को पाकिस्तान में शादी की थी। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें भी शेयर की, जो जल्द ही वायरल हो गईं। उनकी पहली शादी अली अस्करी से हुई थी और इस शादी से उनका एक बेटा भी है। 2015 में दोनों अलग हो गए।